इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 201 | राजनांदगांव, मंगलवार 09 जून 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## टीएमसी में बगावत, 20 सांसदों ने एनडीए में जाने के लिए लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखा

नईदिल्ली। दिल्ली में विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक के बीच तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में बड़ी बगावत हो गई है। पार्टी के कम से कम 20 सांसदों ने सोमवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने की इच्छा जताई है।



रिपोर्ट के मुताबिक, टीएमसी के इस गुट की नेता काकोली घोष दस्तीदार को बनाया जाएगा, जिन्होंने हाल में पार्टी के सभी प्रमुख पदों से इस्तीफा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिस समय ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन की बैठक में भाग ले रही थीं, तभी राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रे के साथ करीब 20 सांसद केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर जमा हुए थे। इस दौरान बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। बांगी सांसदों में शामिल प्रसून बनर्जी, शर्मिला सरकार, जगदीश चंद्र बसुनिया, अरूप चक्रवर्ती, कालीपाड़ा सोरेन और असित मल बैठक में उपस्थित थे। बाद में बापी हलदर भी बैठक में शामिल हो गए। रे ने सोमवार सुबह राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया और टीएमसी पार्टी भी छोड़ दी। उन्होंने पत्र में लिखा, बंगाल की जनता ने 15 साल सत्ता में रहने के बाद टीएमसी को कथित भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अपराध और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्योग, रोजगार और कानून व्यवस्था सहित शासन में विफलताओं के कारण नकार दिया है। रे ने बंगाल चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को ऐतिहासिक जनादेश बताया और कहा कि वे जनता के फैसले को स्वीकार कर रहे हैं।

## ममता बनर्जी को बड़ा झटका, टीएमसी सांसद सुखेंदु शेखर रे ने राज्यसभा से इस्तीफा दिया

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी को सोमवार को बड़ा झटका लगा है। उनकी पार्टी के राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रे ने सोमवार को राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ दी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर सामने आया है, जब बंगाल की प्रमुख पार्टी राजनीतिक संकट से जूझ रही है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने के लिए ममता दिल्ली में हैं। रे ने अपने इस्तीफे में कहा, पश्चिम बंगाल की जनता ने 15 साल सत्ता में रहने के बाद टीएमसी को कथित भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अपराध और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्योग, रोजगार और कानून व्यवस्था सहित शासन में विफलताओं के कारण नकार दिया है। रे ने बंगाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को ऐतिहासिक जनादेश बताया और कहा कि वे टीएमसी और राज्यसभा दोनों से इस्तीफा देकर जनता के फैसले को स्वीकार कर रहे हैं। रे ने आरजी कर अस्पताल में हुए बलात्कार और हत्या मामले में कहा, मैंने पुलिस आयुक्त और आरजी कार के प्रिंसिपल से हिरासत में पूछताछ की मांग की थी। मुझे अब भी विश्वास है कि सबूतों से छेड़छाड़ में उनकी मुख्य भूमिका थी।



उन्होंने कहा, मुझे तभी समझ आ गया था कि टीएमसी जल्द ही ढह जाएगी। टीएमसी जनता से अपना जुड़ाव खो चुकी है। बता दें कि आरजी आंदोलन के दौरान रॉय का पार्टी से विरोध हुआ था। रे य पहली बार 2011 में राज्यसभा सदस्य बने थे। टीएमसी ने उन्हें लगातार 3 बार उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था। रे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले में भी ममता बनर्जी के साथ थे और सुप्रीम कोर्ट गए थे।

## टीएमसी नेता जहांगीर खान नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार: अवैध वसूली का आरोप, देश छोड़ने की कोशिश में थे; फालता सीट से चुनाव लड़ा था

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने सोमवार को टीएमसी नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी नेपाल बॉर्डर के पास से हुई। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता पुलिस स्टेशन में खान के खिलाफ 7 एफआईआर की गई थीं। वह नेपाल भागने की फिराक में था। अभी बंगाल पुलिस की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस जहांगीर को कोलकाता ला रही है।



जहांगीर को अवैध वसूली करने के आरोप में पकड़ा गया है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पहले यह दावा किया गया था कि जहांगीर के समर्थकों ने महिलाओं को गैंगरेप की धमकी दी थी। इसके कारण उनकी गिरफ्तारी हुई है। जहांगीर खान रात 8 बजे तक कोलकाता पहुंचेगा, जिसके बाद उसे बंगाल एसटीएफ मुख्यालय ले जाया जाएगा।

जहांगीर ने 2026 का विधानसभा चुनाव फालता सीट से लड़ा था। चुनाव के दौरान हुई गड़बड़ियों के कारण यहां 21 मई को दोबारा वोटिंग हुई थी। दोबारा चुनाव से 48 घंटे पहले ही जहांगीर ने मैदान छोड़ दिया था और कहा था कि वे चुनाव से अपना नाम वापस ले रहे हैं। 24 मई को आए नतीजे में जहांगीर की हार हुई। इसके बाद से जहांगीर लगभग गायब ही रहे। उन्हें न तो घर पर देखा गया और न ही पार्टी कार्यालय में। 19 मई को जहांगीर को आखिरी बार देखा गया था, जब उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव से अपनी दावेदारी वापस लेने का ऐलान किया था। 19 मई को जहांगीर को आखिरी बार देखा गया था, जब उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव से अपनी दावेदारी वापस लेने का ऐलान किया था।

### मई में अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर हाईकोर्ट गए थे

मई 2026 में जहांगीर ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी और गिरफ्तारी से संरक्षण मांगा था। उनका आरोप था कि उनके खिलाफ लगातार कई आपराधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। जहांगीर के खिलाफ 2019 में दर्ज एक मामले में और फालता री-पोल से पहले हाईकोर्ट ने सिक्योरिटी दी थी, लेकिन 26 मई को सभी सुरक्षा वापस ले ली गई थीं।

### जहांगीर खान ने चुनाव में 'पुष्पा' स्टाइल छवि बनाई थी

जहांगीर खान ने चुनाव प्रचार के दौरान खुद को फिल्म 'पुष्पा' के किरदार की तरह पेश किया था। उन्होंने कई बार फिल्म का चर्चित डायलॉग 'पुष्पा झुकेगा नहीं साला' भी बोला था। उन्होंने खुद को इलाके के ऐसे मजबूत नेता के रूप में पेश किया, जो किसी दबाव के सामने नहीं झुकेगा।

### भाजपा को टीएमसी उम्मीदवार से 1.41 लाख ज्यादा वोट मिले

फालता में सबसे बड़े अंतर से जीत का रिकॉर्ड बना था। देबांग्शु ने 1,09,021 के अंतर से जीत दर्ज की। दूसरी बार हुए चुनाव के नतीजों में जहांगीर 7783 वोटों के साथ चौथे नंबर पर रहे। फालता में 2011 के बाद लगातार तीन बार टीएमसी जीती थी।

29 अप्रैल को मतदान के बाद फालता क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया था। उस दिन कई बूथों से शिकायतें मिली थीं कि EVM पर भाजपा के सिंबल पर टेप चिपकाया गया। तत्कालीन ऑब्जर्वर सुब्रत गुप्ता ने खुद निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया और जांच-पड़ताल की। कम से कम 60 बूथों में छेड़छाड़ के सबूत मिले। EVM में कथित हेरफेर के अलावा, जांच में यह भी सामने आया कि कई मतदान केंद्रों पर लगे वेब कैमरों में फुटेज के साथ भी छेड़छाड़ करने की कोशिशें की गई थीं।

## विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में बड़ा हादसा: पिघले हुए लोहे की चपेट में आने से आठ श्रमिकों की मौत; कई घायल

### कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में हुए एक बड़े हादसे में आठ श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना एसएमएस-2 और एसटीसी-3 हीट फैसिलिटी में बड़ी मात्रा में पिघले हुए स्टील के रिसाव के कारण हुई। जानकारी के अनुसार, हादसा एक लैडल में विस्फोट होने के बाद हुआ, जिसके चलते पिघला हुआ स्टील बाहर फैल गया। घटना में कई श्रमिक इसकी चपेट में आ गए।



पुलिस ने बताया कि हादसे के समय पिघला हुआ स्टील लगभग 1,600 डिग्री सेल्सियस के अत्यधिक तापमान पर था। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सभी संबंधित विभागों को राहत कार्य में समन्वय के साथ तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इस घटना में साइट पर मौजूद कई कर्मचारी बुरी तरह झुलस गए हैं। रिसाव के बाद आग लगने से कुछ कर्मचारियों के यूनिट के अंदर फंसे होने की आशंका है। फायर और इमरजेंसी सर्विस की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और आग बुझाने व बचाव कार्य में जुटी हैं। घायल और फंसे हुए कर्मचारियों की सही संख्या की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वंगलापुडी अनिता ने हादसे पर प्रतिक्रिया देते हुए विशाखापत्तनम के जिला कलेक्टर और पुलिस आयुक्त से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उज्ज्वला लाभार्थियों को झटका: सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलिंडर साल में अब सिर्फ चार मिलेंगे

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रमुख उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलिंडरों की संख्या साल के 12 से घटाकर चार कर दी है। यह निर्णय औसत घरेलू खपत के स्तर को देखते हुए लिया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव प्रवीण माल खनूजा ने सोमवार (8 जून 2026) को इसकी जानकारी दी।




प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना मई 2016 में गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को जमा-मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। शुरुआत में लाभार्थियों को प्रति वर्ष 12 सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम सिलिंडर मिलते थे। पिछले साल सब्सिडी कोटा घटाकर नौ सिलिंडर कर दिया गया था, और अब इसे और कम करके चार कर दिया गया है। सरकार ने मई 2022 में 200 रुपये प्रति सिलिंडर की सब्सिडी शुरू की थी। अक्तूबर 2023 में यह सब्सिडी बढ़ाकर 300 रुपये कर दी गई। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम सिलिंडर की खुदरा कीमत 942 रुपये है। सब्सिडी के बाद उज्ज्वला लाभार्थियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इंडिया गठबंधन एसआईआर और वोट-चोरी पर सीजेआई को पत्र लिखेगी, अब हर 2 महीने में बैठक

नईदिल्ल। दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में सोमवार को हुई विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में 5 बड़े फैसले लिए गए हैं, जिसकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की। उन्होंने बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), मतदाता सूची में हुए हेरफेर और चुनाव की निष्पक्षता पर बैठक में गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इसको लेकर जल्द ही भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत को पत्र लिखा जाएगा।




खड़गे ने आगे बताया कि नीट पेपर लीक और सीबीएसई गड़बड़ी समेत छात्र और युवाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा गया है। खड़गे ने कहा कि मौजूदा गंभीर आर्थिक हालात, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, अत्याचार और किसानों की समस्या को लेकर केंद्र सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की गई है। सर्वदलीय बैठक में इन सभी मुद्दों को रखा जाएगा।

खड़गे ने बताया कि इंडिया गठबंधन की बैठक अब हर 2 महीने में आयोजित की जाएगी, जिसकी तारीख की घोषणा समय के अनुसार होगी। उन्होंने बताया कि अगली विपक्षी गठबंधन की बैठक हैदराबाद में 8 अगस्त को होगी, जिसमें सभी पार्टियां भाग लेंगी। खड़गे ने कहा कि मानसून सत्र समेत अन्य संसदीय सत्र के दौरान संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले रोजाना सुबह नेता प्रतिपक्ष के कमरे में इंडिया गठबंधन की बैठक होगी, जिसमें रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

खड़गे ने बताया कि बैठक में कुल 25 पार्टियों के नेताओं ने भाग लिया था।

इस दौरान शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख हेमंत सोरेन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में आए थे। बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, शिव सेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग समेत अन्य दल शामिल रहे।

## छत्तीसगढ़ के तीन जवानों को मिलेगा शौर्य चक्र, राष्ट्रपति के हाथों होंगे सम्मानित



निरीक्षक लक्ष्मण केवट और निरीक्षक रामेश्वर देशमुख भी इस सम्मान से अलंकृत होंगे.

बालोद/ भानुप्रतापपुर। छत्तीसगढ़ के तीन जवानों को आज नई दिल्ली में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों प्रतिष्ठित वीरता सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाएगा.

असम रायफल में पदस्थ जवान भोजराम साहू को मणिपुर में आंतकियों के साथ मुठभेड़ में प्रदर्शित अदम्य साहस और वीरता के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाएगा. वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियानों के दौरान उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले पुलिस

असम राइफल्स के जवान भोजराम साहू ने बताया कि 15 नवंबर, 2024 को मणिपुर के टेंगनोपाल में आतंकियों के घुसने की सूचना मिली थी. करीब 9-30 बजे आतंकियों के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें भोजराम साहू को एक गोली भी लगी थी. लेकिन उनका हौंसला नहीं टूटा, जवाब कार्रवाई में भोजराम ने फायरिंग नहीं रोकी. फलस्वरूप आतंकियों को मैदान छोड़कर भागना पड़ा. इस कार्रवाई में 3 आतंकियों की मौत हुई थी.

## मुंबई एयरपोर्ट पर डीआरआई का बड़ा एक्शन, 5 करोड़ के सोने के साथ 3 विदेशी नागरिकों समेत 6 लोगों को किया गिरफ्तार



मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। डीआरआई की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए तीन विदेशी नागरिकों समेत कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य का अवैध सोना बरामद किया गया है। पकड़े गए विदेशी नागरिकों में बांग्लादेश और श्रीलंका के नागरिक शामिल हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस काले कारोबार में एयरपोर्ट के ही तीन स्टाफ कर्मी भी शामिल थे, जिन्हें हिरासत में ले लिया गया है। डीआरआई को अंदेशा है कि इसके तार एक बहुत बड़े अंतरराष्ट्रीय स्मगलिंग नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।

**बांग्लादेश और श्रीलंका से जुड़े हैं तार, एयरपोर्ट कर्मियों की मदद से चल रहा था खेल :**

डीआरआई को खुफिया सूत्रों से इनपुट मिला था कि मुंबई एयरपोर्ट के रास्ते बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी की जा रही है। इस सूचना के आधार पर अधिकारियों ने जाल बिछाया और संदिग्धों को धर दबोचा। जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए विदेशी नागरिकों में से कुछ बांग्लादेशी और कुछ श्रीलंकाई मूल के हैं। ये तस्कर विदेशों से सोना छिपाकर भारत ला रहे थे। एयरपोर्ट पर कस्टम और सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बचने के लिए इन्होंने एयरपोर्ट के ही तीन ग्राउंड स्टाफ कर्मियों को अपने साथ मिला रखा था। ये कर्मचारी मोटी रकम के बदले सोने की खेप को बिना चेकिंग के एयरपोर्ट से बाहर निकालने में तस्करों की मदद कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से बरामद सोने को जब्त कर लिया गया है, जिसकी अंतरराष्टीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। डीआरआई के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, एयरपोर्ट स्टाफ की मिलीभगत से चल रहा यह खेल काफी समय से सक्रिय था। पकड़े गए आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस रैकेट का मास्टरमाइंड कौन है और वे अब तक कितनी बार इस तरह से सोना पार करा चुके हैं। अधिकारियों का मानना है कि इस मामले में आगे कुछ और बड़ी गिरफ्तारियां हो सकती हैं और एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट का पूरी तरह से पर्दाफाश हो सकता है।

# भुवनेश्वर में छत्तीसगढ़ पर्यटन का रोड शो

### पर्यटन, संस्कृति और निवेश की संभावनाओं का भव्य प्रदर्शन

### ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच पर्यटन सहयोग को मिलेगा नया आयाम, पर्यटन उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने दिखाई विशेष रुचि



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल ने सहयोगी संस्था फिक्की के साथ मिलकर भुवनेश्वर के मेफेयर कन्वेंशन सेंटर में भव्य छत्तीसगढ़ पर्यटन रोड शो का सफल आयोजन किया गया। इस रोड शो में छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, प्राचीन पुरातात्विक धरोहरों, आध्यात्मिक स्थलों, प्राकृतिक जलप्रपातों, घने वनों, वन्यजीव अभ्यारण्यों, लोक कला और सांस्कृतिक विरासत को आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। साथ ही पर्यटन निवेश, नए पर्यटन उत्पादों और संभावित व्यावसायिक अवसरों पर भी विस्तार से जानकारी साझा की गई।

इस कार्यक्रम में पर्यटन उद्योग से जुड़े प्रमुख हितधारकों, टूर ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों, ट्रैवल एजेंट्स, मीडिया प्रतिनिधियों और दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की पर्यटन संभावनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना तथा ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच पर्यटन सहयोग को और मजबूत बनाना था।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओडिशा के टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंट्स और होटल व्यवसायियों को छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने और अपने पर्यटक समूहों को छत्तीसगढ़ लाने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन का विकास केवल सरकार के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए निजी क्षेत्र, पर्यटन उद्योग और विभिन्न राज्यों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। श्री शर्मा ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच संयुक्त पर्यटन गतिविधियों और आयोजनों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे क्षेत्रीय पर्यटन को नई गति मिलेगी और दोनों राज्यों के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंध भी मजबूत होंगे। छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन विभाग के सचिव एस. भारती दासन ने कहा कि राज्य सरकार सतत और अनुभव-आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है जहां पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य, जनजातीय जीवन, आध्यात्मिक स्थलों और रोमांचक पर्यटन गतिविधियों का अनूठा अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न माध्यमों से पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार कर रही है तथा नई दिल्ली, कोलकाता, वडोदरा और भोपाल सहित प्रमुख शहरों में पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किए गए हैं। जल्द ही ओडिशा में भी छत्तीसगढ़ पर्यटन का कार्यालय स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे पर्यटकों और पर्यटन उद्योग को और अधिक सुविधा मिल सकेगी। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने कहा कि पर्यटन बोर्ड राज्य में पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने, पर्यटकों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### चाकू लहराकर लोगों में दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में चाकू दिखाकर लोगो को डराने धमकाने, भय में डालने वाला आरोपी को धर दबोचा है और उसके पास से एक नग धारदार चाकू जप्त की है।

चौकी चिखली प्रभारी कैलाशचंद्र मरई ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान सोमवार 8 जून को वार्ड नं. 10 शांतिनगर चिखली छोटे तालाब हनुमान मंदिर के पास चाकू लहराकर आम लोगों को डराने धमकाने व लोगों में भय उत्पन्न कर रहे आरोपी निलेश उर्फ बिल्लु भाऊ यादव पिता रामाधीन यादव उम्र 19 साल निवासी शांतिनगर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार उपरी भाग में कटा हुआ चाकू बरामद किया और आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### महाराष्ट्र निर्मित अवैध शराब बिक्री करने वाला आरोपी धरा गया




राजनांदगांव (दावा)। नशे के खिलाफ सायबर सेल एवं गैंदा टोला पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बेचने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से महाराष्ट्र निर्मित 20 नग पोला शीशी देशी दारु प्रिमियम सुपर डिलक्स तथा बिक्री की रकम 2500 रुपए जब्त की है आरोपी के खिलाफ पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गैंदाटोला थाना प्रभारी ने बताया कि 8 जून को मुखबीर से सूचना मिलने पर ग्राम बेलरगोंदी में संतोष कुमार साहू पिता मदन लाल साहू उम्र 50 साल निवासी बेलरगोंदी जो कि अवैध रूप से अपने घर परछी में रखकर शराब विक्रय कर रहा है। तत्काल मौके पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही करने से मकान के परछी में ही 20 नग पोवा शीशी देशी दारू प्रीमियम सुपर डिलक्स संत्रा, महाराष्ट्र निर्मित तथा बिक्री रकम 2500 रुपये मिला जिसे जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ मौके पर अपराध धारा-34(1) आबकारी एक्ट की अपराध कायम कर विधिवत कार्यवाही करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर मामला जमानतीय होने से जमानत मुचलके पर छोड़ा गया हैं तथा आरोपी के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया हैं।

### मारपीट प्रकरण में आरोपी से घटना में प्रयुक्त लोहे के रॉड एवं फावड़ा जप्त



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के मारपीट के गंभीर प्रकरण में आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त लोहे की राख व फावड़ा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि आरोपी द्वारा की गई घटना के संबंध में प्रार्थी हीरुराम कुंजाम पिता जगन्नाथ उम्र 55 निवासी पेंड्री द्वारा थाना लालबाग में गत 21 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि आरोपी कैलाश उइके पिता छन्नू लाल उइके उम्र 18 वर्ष निवासी रामनगर वार्ड नं. 7 ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी के पुत्र पर लोहे के रॉड एवं फावड़ा से सर मारपीट कर चोंट पहुंचाया है, जिससे उसके सिर एवं शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोटें आईं। घायल को तत्काल उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल -पेंड्री में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया। इस रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 47/2026 धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2) बी एन एस के तहत् पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### आज गौ सम्मान आह्वान अभियान की कार्ययोजना बैठक

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण की समीक्षा एवं कार्य योजना के संबंध में मंगलवार 9 जून को सुबह 10 बजे मां पंचगव्य चिकित्सा एवं गौरक्षा अनुसंधान केन्द्र बसंतपुर महामाया चौक राजनांदगांव बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जिला स्तर पर आयोजित गौ सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण 27 जुलाई की तैयारी के संबंध में चर्चा कर कार्ययोजना बनाई जाएगी। बैठक में सभी गौ भक्तों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# नगर निगम द्वारा साफ-सफाई अधोसंरचना सुधार एवं नागरिक सुविधाओं के लिए किया जा रहा निरंतर कार्य

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त शिकायतों एवं आवश्यकताओं के आधार पर संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम के स्वास्थ्य अमला द्वारा निगम क्षेत्र में प्रतिदिन साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। हाल के दिनों में आए अंधड़ एवं तूफान के कारण प्लास्टिक, पन्नी, पत्ते एवं अन्य कचरा सड़कों तथा नालियों में जमा हो गया था, जिसे हटाने की कार्रवाई की गई है। बरसात पूर्व अभियान के तहत बड़े नालों की चरणबद्ध सफाई की जा रही है ताकि जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। नंदई से मोहारा रोड स्थित नाले की सफाई से निकला मलबा सूखने के बाद हटाया जाएगा। छोटे नालों एवं नालियों की नियमित सफाई भी जारी है। सार्वजनिक स्थलों पर निर्माण सामग्री एवं मलबा रखने वालों को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाने तथा सामग्री जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। कचरा फैलाने वालों पर भी निगम द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। जीई रोड निर्माण कार्य के दौरान संबंधित एजेंसी द्वारा बिना पूर्व सूचना खुदाई किए जाने से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी मरम्मत कर ली गई है। संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है। बसंतपुर क्षेत्र में प्रदूषित पानी की शिकायत का निराकरण कर लिया गया है तथा जिन क्षेत्रों में पानी का दबाव कम है। वहां पाइपलाइन विस्तार कार्य कराया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा गोल बाजार सब्जी मंडी मार्ग स्थित गड्ढों को भरने तथा पुलिया मरम्मत के लिए विभागीय प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। गौरव पथ चौक के समीप नाली के गड्ढे को भरने की कार्रवाई भी प्रक्रियाधीन है। आंधी-तूफान के कारण शॉर्ट सर्किट से मुख्य मार्गों की कई स्ट्रीट लाइटें बंद हो गई थीं, जिन्हें सुधार कर पुनः चालू किया जा रहा है। निगम क्षेत्र की बंद स्ट्रीट लाइटों के मरम्मत कार्य भी लगातार किए जा रहे हैं। रेल्वे स्टेशन रोड के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण का




- छोटे नालों एवं नालियों की नियमित सफाई जारी
- कचरा फैलाने वालों पर की जा रही कार्रवाई
- बसंतपुर क्षेत्र में प्रदूषित पानी की शिकायत का किया गया निराकरण
- मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानें आबंटन के बाद संचालित नहीं करने वालों को दिया गया नोटिस
- गिरी हुई पेड़ों की डालियों को हटाने एवं मार्गों को सुरक्षित का करने किया जा रहा कार्य

कार्य जारी है। संबंधित ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। फ्लाईओवर के नीचे स्थित सर्विस रोड अशोका बिल्डकॉन कंपनी के अधिकार क्षेत्र में होने के कारण सड़क मरम्मत एवं विद्युत व्यवस्था सुधार हेतु कंपनी को पत्र भेजा गया है।

नगर निगम क्षेत्र के अधिकांश उद्यान पुराने हो चुके हैं। उनके मरम्मत एवं संधारण के लिए बजट में प्रावधान करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। अत्यधिक गर्मी के कारण प्रभावित पेड़-पौधों की देखरेख एवं सिंचाई की जा रही है। उद्यानों को असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाने की शिकायतों को देखते हुए रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने के लिए पुलिस विभाग को अवगत कराया गया है। पुराने हो चुके चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण हेतु भी बजट में प्रावधान रखा गया है। स्वीकृति उपरांत शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौक-चौराहों का चरणबद्ध विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित कई दुकानें आबंटन के बाद संचालित नहीं होने से क्षतिग्रस्त हो रही हैं। ऐसे आबंटियों को नोटिस जारी किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर आबंटन निरस्त कर पुनः आबंटन की कार्रवाई की जाएगी। कालोनियों में सड़क निर्माण एवं प्रारंभिक रखरखाव का दायित्व कॉलोनाइजर एवं स्थानीय समितियों का होता है। निगम को हैंडओवर होने के बाद उपलब्ध संसाधनों के अनुसार मरम्मत कार्य कराया जाता है।

विभिन्न वार्डों में सड़क मरम्मत एवं विकास कार्यों के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे गए हैं। सिविल लाइन एवं अस्पताल कॉलोनी स्थित शासकीय आवास का मरम्मत एवं संधारण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है। नगर निगम द्वारा इन क्षेत्रों में बिजली, पानी एवं साफ-सफाई अन्य मूलभूत सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। अंधड़ के कारण क्षतिग्रस्त होकर लटक रहे विज्ञापन बोर्ड एवं टीन शीटों को हटाने के लिए संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थाओं को नोटिस जारी किए गए हैं। मुख्य मार्गों एवं कॉलोनियों में गिरी हुई पेड़ों की डालियों को हटाने एवं मार्गों को सुरक्षित बनाने का कार्य भी निगम अमले द्वारा लगातार किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा आवारा एवं पालतू कुत्तों के बधियाकरण, डी-वर्मिंग एवं टीकाकरण का अभियान संचालित किया जा रहा है। अब तक लगभग 1300 कुत्तों का बधियाकरण किया जा चुका है। शिकायतों के आधार पर आक्रामक एवं संदिग्ध पागल कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई भी की जा रही है। वित्तीय वर्ष के बजट में डॉग शेल्टर की स्थापना तथा प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक फीडिंग प्वाइंट विकसित करने का प्रावधान रखा गया है, जिसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया जारी है।

## छात्र युवा मंच संगठन की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न, प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा एवं आगामी कार्ययोजना निर्धारित




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के इतिहास में सर्वाधिक रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली राष्ट्रीय छात्र युवा मंच परिवार की तैमासिक बैठक प्रदेश संयोजक नागेश यदु (रक्तवीर) एवं प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, सामाजिक गतिविधियों तथा आगामी तीन माह की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान संगठन की नवीन प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

जिसमें प्रदेश संगठक लिकेश्वर सिन्हा, सह संगठक चंद्रभान जंघेल एवं माधव साहू, प्रदेश संयोजक नागेश यदु, सह संयोजक लोकेश बारा पात्रे एवं सुरेश साहू, प्रदेश प्रमुख डॉ. एस.के. वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष अगेश्वर वर्मा, प्रदेश महामंत्री प्रवीण मार्कण्डेय एवं राजेश रजक, जिलाध्यक्ष साहिल जंघेल, शहर अध्यक्ष बाल कृष्ण कोमरे तथा गंडई शहर अध्यक्ष थानेश्वर साहू को नवीन दायित्व सौंपे गए।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन हित में समर्पित भाव से कार्य करने तथा छात्र, युवा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की शुभकामनाएं दी गईं।

बैठक में आगामी तीन माह की महत्वपूर्ण कार्ययोजना भी निर्धारित की गई, जिसमें प्रत्येक पदाधिकारी को 100 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य, 12 जुलाई को संगठन स्थापना दिवस का भव्य आयोजन, जुलाई माह से रक्तदान जागरूकता परीक्षा का संचालन, 23 अगस्त को संगठन के प्रेरणास्त्रोत मधु भैय्या जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन तथा 27 सितम्बर को अगली तैमासिक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश संयोजक नागेश यदु ने कहा कि छात्र युवा मंच संगठन समाजसेवा, रक्तदान एवं युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है तथा आगामी समय में संगठन को प्रदेश के प्रत्येक जिले तक विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में उपस्थित लिकेश्वर सिन्हा सर, नागेश यदु जी, चंद्रभान जंघेल, लोकेश बारापात्रे, माधव साहू, अगेश्वर वर्मा, सुरेश साहू, प्रवीण मारकंडे, डॉ. एस.के. वैष्णव, राजेश रजक, साहिल जंघेल, बालकृष्ण कोमरे, भागवत वर्मा, चन्द्रशेखर तिवारी, खेम साहू , कृष्णकांत साहू, झुलेन्द्र वर्मा, उकेश साहू, भव्य देवांगन सभी पदाधिकारियों ने संगठन की कार्ययोजना को सफल बनाने एवं अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया।

## नगर निगम की अचल संपत्ति को नष्ट होने से बचाए आयुक्त - डॉ. डी. सी. जैन



राजनांदगाँव (दावा)। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर्स संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डी.सी.जैन ने आयुक्त नगर निगम का ध्यान निगम की अचल संपत्ति को नष्ट होने से बचाने तथा उनके जीर्णोद्धार एवं रख-रखाव की माँग किया है। प्रेस को जारी वक्तव्य में डॉ जैन ने बताया है कि नगर निगम कार्यालय में निगम की चल-अचल संपत्ति का अभिलेख रहता है तथा समय-समय पर उसके अनुसार अचल संपत्ति की जाँच और सुरक्षा हेतु आवश्यक कार्यवाही होना चाहिए परंतु देखा गया है कि अचल संपत्ति की सुरक्षा एवं जीर्णोद्धार की कार्यवाही नगर निगम इंजीनियर एवं पटवारी द्वारा नहीं किया जा रहा है। अपने इस कथन के समर्थन में डॉ जैन ने हाट बाज़ार के समीप पूर्व महापौर श्रीमती शोभा सोनी द्वारा महिला बाज़ार के लिए निर्मित विशाल भवन की दुर्दशा का उल्लेख किया है। दुर्भाग्यवश श्रीमती शोभा सोनी के निधन के पश्चात् महिला बाज़ार की दुकानों का आबंटन ना होने तथा देख-रेख के अभाव के कारण महिला बाज़ार अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। उन्होंने लिखा है कि उक्त भवन के सामने स्थित हज़ारों वर्ग फुट भूमि पर अतिक्रमण हो चुका है। इसी प्रकार नगर निगम के द्वारा भैंसा कोठा के स्थान पर निर्मित शॉपिंग काम्प्लेक्स के पीछे निर्मित पार्क की सुरक्षा की ओर निगम कर्मचारियों द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण उसके आस-पास रहने वालों ने क़ब्ज़ा कर लिया है जिसे हटाने के लिए निगम के कर्मचारी कोई ध्यान नहीं दे रहे है। उल्लेखनीय हैं नगर निगम पेंशनर्स संघ द्वारा इस आहते के भीतर पेंशनर भवन का निर्माण करने की योजना पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के समय की गई थीं तथा पेंशनरों के वर्षों के प्रयास के बावजूद वहाँ पेंशनर भवन का निर्माण नहीं किया गया।

डॉ. डी.सी. जैन ने इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से नगर निगम आयुक्त का ध्यान दोनों अचल संपत्ति तथा अन्य अचल संपत्ति की सुरक्षा, संचालन, जीर्णोद्धार तथा उस पर किए गए अतिक्रमण को शीघ्र-अतिशीघ्र हटाने की माँग की है।

## आज साय कैबिनेट की अहम बैठक : कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर हो सकता है बड़ा फैसला

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित होगी। सुबह 11 बजे शुरू होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। खासकर सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों से जुड़े मुद्दों को लेकर इस बैठक पर प्रदेशभर की निगाहें टिकी हुई हैं। माना जा रहा है कि सरकार ट्रांसफर पॉलिसी और लंबे समय से चर्चा में रही कैशलेस चिकित्सा योजना पर बड़ा फैसला ले सकती है।

कैबिनेट बैठक में राज्य के कर्मचारियों के लिए प्रस्तावित कैशलेस चिकित्सा सुविधा पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। यदि इस योजना को मंजूरी मिलती है तो प्रदेश के पांच लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी और अधिकारी सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। योजना लागू होने के बाद कर्मचारियों को इलाज के लिए पहले अपनी जेब से भुगतान नहीं करना पड़ेगा। सूचीबद्ध अस्पतालों में उन्हें कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी, जिससे गंभीर बीमारी या आपात स्थिति में आर्थिक बोझ काफी कम हो सकेगा। बैठक में नई तबादला नीति पर भी चर्चा होने की संभावना है। प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी लंबे समय से तबादला नीति का इंतजार कर रहे हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण तथा बैंक ऑफ बड़ौदा की भूमिका विषय पर संगोष्ठी संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति राजनांदगांव तथा बैंक ऑफ बड़ौदा अंचल कार्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण तथा बैंक ऑफ बड़ौदा की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जोखिम प्रबंधन विभाग अंचल कार्यालय रायपुर सुश्री शिल्पा चंद्रिकापुरे ने पर्यावरण संरक्षण की वर्तमान आवश्यकता एवं बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा सतत विकास एवं हरित पहल अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों के संबंध में जानकारी दी।

मुख्य प्रबंधक (राजभाषा) अंचल कार्यालय रायपुर सोमेन्द्र यादव ने पर्यावरण संरक्षण और राजभाषा हिंदी - जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेशों को व्यापक जनसमूह तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

संगोष्ठी में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ तथा भारतीय खेल प्राधिकरण संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागियों ने कहा कि पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने हेतु जन-जागरूकता एवं सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन सदस्य सचिव सुश्री सुदीपा राय द्वारा किया गया। स्नातकोत्तर शिक्षक केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव योगेश्वर साहू द्वारा धन्यवाद प्रस्तुत किया।

### शुभांक

अनुमानित

**बी. के.**
4-5-7
450-9 679-2

**राजधानी**
1-7-9
456-5 123-6

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक



### नाम परिवर्तन

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विधा देवी चौहान पति संतोष सिंह चौहान निवासी मकान नंबर 03, वार्ड नंबर 09, ग्राम-मुड़पार, पोस्ट तहसील-खैरागढ़, जिला केसीजी (छ.ग.) 491881 ने अपना पुराना नाम विधादेवी चौहान पति संतोष सिंह चौहान बदल दिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम विद्या देवी चौहान पति संतोष सिंह चौहान के नाम से ही सभी सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में पहचाना जाए।**

**विद्या देवी चौहान**
निवासी- मकान नं. 03,
वार्ड नं. 09, ग्राम मुड़पार,
पोस्ट व तहसील-खैरागढ़
जिला-केसीजी (छ.ग.) 491881

### नाम परिवर्तन

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं महेश कुमार यादव पिता श्री अशोक यादव निवासी-गौरीनगर, सेन्द्रे हाउस, बसंत डेयरी के पास, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरा पुराना नाम मोहनीश कुमार (MOHNISH KUMAR YADAV) है, जिसे बदलकर मैने अपना नया नाम महेश कुमार यादव (MAHESH KUMAR YADAV) रख लिया है, जिसे राजपत्र में प्रकाशित कराने हेतु मैं सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथपत्र प्रस्तुत कर दिया है।**

**महेश कुमार यादव**
पिता अशोक यादव
गौरीनगर, सेन्द्रे हाउस,
बसंत डेयरी के पास,
राजनांदगांव, तहसील व जिला
राजनांदगांव (छ.ग.) पिनकोड 491441

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका-लक्ष्मी पिता सुदर्शन, जाति-केवंट निवासी ग्राम-चिल्हाटी मकान नं. 297, वार्ड नं.16, तह. अं. चौकी जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरी सगी बहन के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **कु. दुमेश्वरी** तथा जन्मतिथि **01/04/2014** अंकित है। उक्त नाम व जन्मतिथी गलत हैं। परन्तु मेरी सगी बहन के नाम से जारी जन्मप्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **दुमेश्वरी** व जन्मतिथी **01/04/2015** अंकित है, उक्त नाम व जन्मतिथी सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **कु. टुमेश्वरी** तथा जन्मतिथि **01/04/2014** अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **दुमेश्वरी** व जन्मतिथी **01/04/2015** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-मोहला
दिनांकः-05/06/2026

**आवेदिका**
**लक्ष्मी**
निवासी ग्राम-चिल्हाटी
तह. अं. चौकी जिला-मो.मा.अं. चौकी

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **नोहरूराम कुंजाम पिता-हट्टेसिंह कुंजाम** जाति-गोड़ निवासी ग्राम गुंजमौहा मकान नं.29, वार्ड नं.16, तह. मोहला जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491666 का निवासी हूं। मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **नोहर राम कुंजाम** अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी भारत निर्वाचन आयोग मतदाता परिचय पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **नोहरूराम कुंजाम** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **नोहर राम कुंजाम** अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **नोहरूराम कुंजाम** अंकित कराना चाहता हुँ। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः- अं.चौकी
दिनांकः- 05/06/2026

**आवेदक**
**नोहरूराम कुंजाम**
निवासी ग्राम- गुंजमौहा
तह. मोहला जिला-मो.मा.अं.चौकी (छ.ग.)

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **डिलेश्वरी पति-रमेश कुमार** जाति-कंवर निवासी ग्राम-खैरी मकान नं.17, वार्ड नं.06, पोस्ट-मुड़पार तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **डिलेश्वरी छत्तरू कपूरडेरीया** अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **डिलेश्वरी** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **डिलेश्वरी छत्तरू कपूरडेरीया** अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **डिलेश्वरी** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं.चौकी
दिनांकः-05/06/2026

**आवेदिका**
**डिलेश्वरी**
निवासी ग्राम खैरी
तह. अं. चौकी, जिला-मो.मा.अं. चौकी

### ईश्तहार


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **नोहरूराम कुंजाम पिता-हट्टे सिंह कुंजाम** जाति-गोड़ निवासी ग्राम गुंजमौहा, मकान नं.29, वार्ड नं.16 तह. मोहला, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491666 का निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **भुपत** तथा जन्मतिथि **07/06/2012** अंकित है। उक्त नाम व जन्मतिथि गलत हैं। परन्तु मेरे पुत्र के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **भुपत राम** व जन्मतिथि **01/06/2012** अंकित है, उक्त नाम व जन्मतिथि सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **भुपत** तथा जन्मतिथि **07/06/2012** अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **भुपत राम** व जन्मतिथी **01/06/2012** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-मोहला
दिनांकः-05/06/2026

**आवेदक**
**नोहरूराम कुंजाम**
निवासी ग्राम गुंजमौहा
तह. मोहला जिला-मो.मा.अं.चौकी (छ.ग.)

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **कुमारी बाई कुंजाम पति- नोहरूराम कुंजाम** जाति-गोड़ निवासी ग्राम गुंजमौहा मकान नं. 29, वार्ड नं.16, तह.-मोहला,जिला-मोहला, मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491666 की निवासी हूं। जो कि मेरी स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें मेरे पति के नाम के स्थान पर **नोहर राम कुंजाम** अंकित है। उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अन्य कागजातों में पति के नाम के स्थान पर **नोहरूराम कुंजाम** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में पति के नाम के स्थान पर **नोहर राम कुंजाम** अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **नोहरूराम कुंजाम** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं.चौकी
दिनांकः-05/06/2026

**आवेदिका**
**कुमारी बाई कुंजाम**
निवासी ग्राम- गुंजमौहा
तह. मोहला जिला-मो.मा.अं.चौकी (छ.ग.)






# जनसमस्या निवारण शिविर में तीन वार्ड से 98 आवेदन प्राप्त

## महापौर ने हितग्राहियो को किया लाभान्वित, गोद भराई की रस्म पूरी कर, अन्न प्राशन कराया





**आज मोहड वार्ड के लिए मोहड स्कूल में शिविर**

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत वार्डवासियो की समस्या का समाधान करने तथा उन्हे शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने वार्डो में आयोजित शिविर के तहत आज वार्ड नं. 39,40 व 48 के लिये गंजपारा स्कूल में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मांग के 70 तथा शिकायत के 28 इस प्रकार कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए। जिसका प्राथमिकता से निराकरण किया जायेगा।

शिविर में महापौर श्री यादव ने वार्डवासियो से कहा कि शासन की मंशानुरूप वार्डो के लिए क्लस्टर आधार पर जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है। शिविर का उददेश्य नागरिको के पास जाकर उनकी समस्या से अवगत हो उसका निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि शिविर अब अंतिम चरण मे है, नागरिको द्वारा दिये गये आवेदनों को छटनी कर विभागवार मांग एवं शिकायत अलग कर उसका चरणबद्ध निराकरण किया जायेगा, ताकि वार्डवासियो को उसका लाभ मिल सके।

महापौर श्री यादव ने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा संबंधित वार्ड के पार्षदों में बाजार विभाग की प्रभारी सदस्य श्रीमती केवरा राय, रवि सिन्हा, अरूण साहू, सहित वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा व हेमंत शेखर यादव, पूर्व पार्षद विजय राय, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव के साथ स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों से योजनाओं की जानकारी लिए। उन्होंने शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ से लाभान्वित करने की कडी में हितग्राहियो को विवाह प्रमाण पत्र, ड्राईविंग लायसेंस तथा श्रमिक कार्ड का वितरण किया तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से गर्भवती महिलाओ की गोदभराई करा नवजात शिशुओ का अन्न प्राशन कराये। शिविर में स्वास्थ्य एंव आयुष विभाग द्वारा वार्डवासियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारियो व कर्मचारियों से कहा कि शिविर में आये आवेदनो को कम्प्यूटर में इंद्राज कर पोर्टल मे डाले तथा उसका समय सीमा में निराकरण करे। कल 9 जून मंगलवार को वार्ड मोहड नं. 49 के लिए मोहड स्कूल में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जायेगा।

# सफाई देखने आयुक्त विश्वकर्मा सुबह पहुंचे बाजार क्षेत्र



**फल मार्केट में सड़े गले फल का विक्रय नहीं करने तथा मटन मार्केट में अपशिष्ट का उचित निपटान के दिये निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। साफ सफाई में गुणात्मक सुधार लाने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन सुबह वार्ड विजिट कर रहे है। आज उनके द्वारा गोल बाजार, गुडाखू लाईन का निरीक्षण कर बाजार मे सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा सड़े गले फल सब्जी का उपयोग नहीं करने एवं मटन मार्केट के अपशिष्ट का उचित निपटन करने के निर्देश दिए तथा अनावश्यक बहते नल काटने निर्देशित किए।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने गोलबाजार में पैदल घुम स्वास्थ्य अमला से कहा कि बाजार लगने से पूर्व सम्पूर्ण क्षेत्र की समुचित सफाई करे, रात्रिकालीन सफाई वालों को बाजार से निकले कचरे को साफ कर रात में ही कचरा उठाने निर्देशित करे। उन्होंने कहा कि सब्जी विक्रेताओ को कचरा न फैलाने, डस्टबिन का उपयोग करने तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने समझाईस देवे। उन्होंने फल मार्केट में फल विक्रेताओ को सड़े गले फल नहीं रखने समझाईस देने कहा। इसी प्रकार मटन मार्केट में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए एवं अपशिष्ट को उचित निपटान करने कहा। कोई भी मांस विक्रेता नाली में अपशिष्ट न डाले इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

गुडाखू लाईन में सफाई निरीक्षण के दौरान दुकान खुलने के पहले साफ सफाई करने निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड प्रभारी से कहा कि दुकानदारों को समझाईस देवे कि वे अपने दुकान का कचरा डस्टबिन में रख स्वच्छता दीदीयों को देवे। कचरा फैलाते पाये जाने पर या दुकान के सामने कचरा पाये जाने पर संबंधित पर जुर्माना लगावे। झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने समझाईस देवे, समय समय पर निरीक्षण कर जप्ती की कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि साफ सफाई रखना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने अनावश्यक बहते नल को काटने के निर्देश देते हुए कहा कि नलो मे टोटी लगाने समझाईस देवे अपालन पर काटने की कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान निगम का स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# कृषि फार्म में आईपीएल क्रिकेट आनलाईन जुआं प्रकरण के फरार आरोपी गिरफतार




राजनांदगांव (दावा)। घुमका के एक कृषि फार्म में चल रहे आईपीएल क्रिकेट के आनलाइन जुआ प्रकरण में फरार आरोपी को अंततः पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपी को गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी का नाम जसमीत सिंह भाटिया पिता सुरेन्द्र सिंह भाटिया उम्र 36 साल स्थायी पता वार्ड नंबर 13 खण्डूवारा डोंगरगढ़ हाल मुकाम इंदिरा चौक वार्ड नंबर 28 मानेवारा नागपुर महाराष्ट्र बताया जाता है। घुमका पुलिस ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि गत 3 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिलने पर कि ग्राम खैरझिटी कृषि फार्म में आनलाईन आईपीएल क्रिकेट सट्टा प्रकरण का फरार आरोपी के ठेलकाडीह बस स्टैण्ड में दिखा है। मुखबिर के बताये अनुसार आरोपी का पता तलाश कर आरोपी को घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने घटना 3 अप्रेल को रतन कृषि फार्म खैरझिटी में आनलाईन आईपीएल सटटा खेलाने का कार्य में सहयोग करना स्वीकार किया। आरोपी को रिमाण्ड हेतु न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# श्री नारायण महामहोत्सव में काजल शिखर वाली मां जीण भवानी का रंग बिरंगे फूलों से सजा दरबार



**0 गोंदिया की राधा अग्रवाल, सिद्धि अग्रवाल, सरोज दोये ने मां के चरणों में लगाई स्वर सेवा की अरदास**
**0 कल नवमी को होगा झुंझुनू वाली रानी सती दादी का मंगल**

राजनांदगांव (दावा)। भगवान श्री नारायण की भक्ति के 16 दिवसीय महामहोत्सव में भक्ति की बह रही गंगा श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के कार्यकारिणी सदस्य अशोक सिंघल नरेंद्र गोयल ने बताया कि मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में पुरुषोत्तम मास में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के 16 दिवसीय धार्मिक महा आयोजन में श्री नारायण भक्ति अविरल धारा बह रही है। आठवें दिवस काजल शिखर वाली मां जीण भवानी मैया का सप्तरंगी फूलों से दिव्य भव्य दरबार सजाया गया, मां का ऐसा अद्भुत श्रृंगार दर्शन करभक्त हुए धन्य मां की ज्योत जलाकर ज्योति के रूप में मां के दर्शन भक्तों ने किये। लाल चुनरिया, भोग प्रसाद, पान का बीड़ा का भोग मां को लगाया गया मां की भक्ति आराधना में गोंदिया से पधारी सुप्रसिद्ध भजन गायिका राधा अग्रवाल सिद्धि अग्रवाल सरोज दोये ने मां के चरणों में अपनी स्वर सेवा की प्रस्तुति दी मां का मंगल पाठ किया मीठे मीठे भाव भरे भजनों से मां को खूब रिझाया मां भवानी मैया एवं भाई हर्षनाथ के जयकारों से पूरा परिसर गूंजयमान रहा हजारों उपस्थित भक्तों ने सामूहिक मंगल पाठ में सहभागिता निभाई मेहंदी उत्सव चुनरी, उत्सव गजरा उत्सव में भक्तों ने खूब आनंद उठाया लता अग्रवाल ने भजनों का ऐसा समां बांधा की भक्त कभी भाव विभोर होते और कभी मां की भक्ति में नृत्य कर मां को रिझाते रहे। मंगल पाठ करता गायिका लता अग्रवाल का स्वागत दुपट्टा पहनाकर, सरला खंडेलवाल, दीपा शर्मा, ज्योति खंडेलवाल एवं आयोजन समिति की और से प्रतीक चिन्ह मोमेंट वेट कर संतोष अग्रवाल, मीना पांडे प्रतिभा खंडेलवाल ने सम्मानित किया। प्रतिदिन प्रसादी वितरण में संस्कारधानी के संस्कारों के अनुरूप छोटे-छोटे नन्हे बच्चे युग खंडेलवाल वैदिक गुप्ता संचित खंडेलवाल वैदिक शर्मा भी सेवा दे रहे हैं।

उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया श्याम खंडेलवाल ने आगे बताया की कल 9 जून नवमी को झुंझुनू वाली रानी सती दादी का होगा मंगल पाठ प्रस्तुत करता रानी सती दादी महिला मंडल राजनंदगांव रानी सती दादी की महिमा क्या होगा गुणगान दर्शन से होगी। भक्तों की मनोकामना पूर्ण श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ,राजेश शर्मा ने सनातन धर्म प्रेमियों से अधिक मास के 16 दिवसीय महामहोत्सव आयोजन में भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में बंधु बांधव ईस्ट मित्रों सहित शामिल होने का अनुरोध किया है। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# बिजली पोल को ठोकर मारकर क्षति ग्रस्त करने वाले हार्वेस्टर चालक गिरफ्तार



**रात भर रही बिजली गुल, भीषण गर्मी मे परेशान होते रहे लोग**

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम हैदलकोडो में एक हार्वेस्टर चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बिजली खंभे को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे क्षेत्र में रात भर बिजली गुल रही जिससे भीषण गर्मी के दिनों में लोग रात भर परेशान रहे। हार्वेस्टर चालक के उक्त लापरवाही से एक बड़ी दुर्घटना होते होते बची। इस पर डोंगरगांव विद्युत विभाग के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर हार्वेस्टर वाहन को जब्त किया गया।

रात भर विद्युत आपूर्ति रही बाधित

घटना के संबंध में बताया गया कि प्रार्थी ताम्रध्वज पिस्दा पिता मनिहार सिंह पिस्दा उम्र-, 32 साल, पता- कार्यालय कनिष्ठ अभियंता डोंगरगांव ने थाना गैंदाटोला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम हैदलकोड़ो के बाजार चौक गली जाने की रास्ते बोरिंग के पास 5 जून की रात्रि करीबन 8 बजे वाहन हार्वेस्टर सोल्ड के चालक मनीष कुमार उके पिता सुधीर उके उम्र 25 साल निवासी हैदलकोड़ो द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाकर ग्राम हैदलकोड़ो बाजार चौंक गली में स्थित 1 नग आर.एस. ज्यास्ट पोल को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया हैं बाजार चौंके आसपास घर हैं जहां व्यक्ति निवास करते हैं। जिसे जीवन को भी उक्त एक्सीडेंट से संकट उत्पन्न हुआ हैं। जिस के कारण उक्त ग्राम हैदलकोड़ो के अधिकांश बस्ती में विद्युत आपुर्ति बाधित हो गयी, जिससे कंपनी को 1 नग आर.एस. जोईस्ट पोल, कीमती रु. 18000 रूपये आर्थिक नुकसान हुई हैं। रिपोर्ट पर थाना गैंदाटोला में अप0 क्र0- 37/26 धारा- 281 बीएनएस , विद्युत अधिनियम नियम 2003 की धारा- 139 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# जोरा मॉल में आज सजेगी फिल्मी महफिल: कंगना रनौत के साथ भारत भाग्य विधाता देखेंगे मुख्यमंत्री साय

रायपुर। राजधानी रायपुर रविवार को फिल्मी और राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बनने जा रही है। अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत अपनी आगामी फिल्म भारत भाग्य विधाता के प्रचार के सिलसिले में आज रायपुर पहुंचेंगी। फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग और Meet & Greet कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी को लेकर शहर में खासा उत्साह है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे और फिल्म का अवलोकन करेंगे। आयोजन जोरा स्थित पीवीआर सिनेमा में शाम चार बजे किया गया है। यहां कंगना रनौत दर्शकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, फिल्म प्रेमियों और मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करेंगी। फिल्म के लेखक एवं निर्देशक मनोज तापड़िया भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे और फिल्म की कहानी, निर्माण प्रक्रिया तथा इसके सामाजिक संदेश पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कंगना रनौत की एक साथ मौजूदगी होगी। एक ओर जहां कंगना देश की चर्चित अभिनेत्री होने के साथ सांसद भी हैं, वहीं मुख्यमंत्री साय की उपस्थिति कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान कर रही है। राजनीतिक और फिल्मी जगत के प्रमुख चेहरों की मौजूदगी के कारण यह आयोजन प्रदेश के सबसे चर्चित कार्यक्रमों में शामिल हो गया है। 'भारत भाग्य विधाता' केवल एक फिल्म के रूप में नहीं बल्कि एक सामाजिक अभियान के रूप में भी चर्चा में है। फिल्म के प्रमोशन के तहत देशभर में उन लोगों की पहचान की जा रही है जिन्होंने बिना किसी प्रचार-प्रसार के समाज में उल्लेखनीय बदलाव लाने का काम किया है।

# नंदई चौक में हंगामा कर शांति भंग करने वालों तीन आरोपी गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र नंदई चौक में हंगामा कर शांति भंग करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि नंदई चौक जैसे सार्वजनिक स्थान पर हो-हल्ला एवं उपद्रव कर रहे 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हे न्यायालय में पूर्व किया गया है। आरोपियों के नाम उन्होंने वीर कुमार उर्फ छोटू यादव, पिता ताराचंद यादव, उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 48, नंदई, फेरहा राम ठाकुर उर्फ छोटू, पिता टेकराम ठाकुर, उम्र 30 वर्ष, निवासी चौखड़िया पारा व अनिल यादव, पिता स्वर्गीय कन्हैया यादव, उम्र 50 वर्ष, निवासी यादवपारा बताया है।

इस क्रम में सोमवार 8 जून को सूचना मिली कि नंदई चौक के पास कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर हो-हल्ला कर रहे हैं तथा समझाइश देने के बावजूद नहीं मान रहे हैं, जिससे वहां अनावश्यक भीड़ एकत्रित हो गई थी और शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही थी।

सूचना मिलते ही थाना बसंतपुर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पुलिस द्वारा उपरोक्त आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया। उनके खिलाफ अपराध क्रमांक 79 एवं 80/2026 धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा अपराध क्रमांक 155-156/ 2026 धारा 126, 135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्यवाही कर उन्हें एस.डी.एम. न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# पंडवानी के माध्यम से जीईएम के बच्चों को दी गई साइबर सिक्योरिटी की जानकारी



**रेलवे हेल्पलाइन 139 व महिला सुरक्षा संबंधी अभिव्यक्ति ऐप की बताई गई महत्वपूर्ण बात**

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय रेल्वे स्टेशन में रेल्वे सुरक्षा बल निरीक्षक के पद पर कार्यरत सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तरूणा साहू ने एनटीपीसी कोरबा में आयोजित 'गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन (GEM)' के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में वहां के बच्चों को पंडवानी गायन के माध्यम से साइबर सिक्योरिटी की महत्वपूर्ण जानकारी दी। यही नहीं तरूणा ने जेम के बच्चों को रेल्वे हेल्पलाइन 139 व महिला सुरक्षा संबंधी अभिव्यक्ति एप के संबंध में उन्हें परिचित कराया।

इस कार्यक्रम में GEM के बच्चो सहित, एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक कोरबा किशोर चंद्र पात्र , महाप्रबंधक प्रचलन एवं अनुरक्षण शत्रुहन बेहरा व अन्य अधिकारी व कर्मचारियों एवं कॉलोनीवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया इसका आयोजन प्रगति क्लब के द्वारा सांस्कृतिक सचिव एस के मंडल के सयोजन से कराया गया था।

### लोक धरोहर पंडवानी को किया जीवंत

इंस्पेक्टर तरुणा साहू ने अपने पंडवानी गायन के सशक्त एवं भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से न केवल छत्तीसगढ़ की लोक धरोहर पंडवानी को जीवंत किया, बल्कि बच्चों एवं उपस्थित जनसमूह को साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया।

इसी क्रम में उन्होंने रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के अभिव्यक्ति ऐप के बारे में भी सरल और प्रभावी तरीके से जानकारी दी, जिससे विशेष रूप से बच्चों एवं महिलाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

कार्यक्रम के दौरान 'द्रौपदी स्वयंवर' एवं 'द्रौपदी चीर हरण' जैसे भावनात्मक प्रसंगों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और उनकी प्रस्तुति को सभी ने खूब सराहा। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित रहा।

# आसरा के ग्रामीण बोरी बंधान से रोकेंगे पानी




**मिशन जल रक्षा-बढ़ेगा भू-जल स्तर**

डोंगरगांव (दावा)। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन जल रक्षा के तहत ग्राम पंचायत आसरा में बोरी बंधान का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया. इस अनुकरणीय कार्य के अवलोकन के लिए स्थानीय तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण मौका मुआयना करने पहुंचे. रविवार को जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्य का अवलोकन किया और इस निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत डोंगरगांव की अध्यक्ष रंजीता कपिल पडौती ने कहा कि बोरी बंधान जैसे छोटे-छोटे प्रयासों से ही गांव में जल संकट की समस्या का समाधान संभव है. यह बंधान वर्षा के पानी को रोककर भू-जल स्तर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. ग्राम में निवासरत क्षेत्र की जनपद सदस्य अनिता पंचारी ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

सरपंच शरद वैष्णव ने बताया कि सीमेंट की बोरियों में रेत-मिट्टी भरकर बनाए गए, इस अस्थायी बंधान से नाले का पानी रुकेगा, जिससे आसपास के खेतों को रबी सीजन में सिंचाई का लाभ मिलेगा. इस दौरान उपसरपंच अरुण बाई, अंशुमान वैष्णव, सचिव बिहारीलाल मंडावी, रोजगार सहायक कौशल कुंजाम, समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे. सभी ने इस कार्य को गुणवत्तापूर्ण बताते हुए सराहना की. ग्रामीणों ने बताया कि इस बंधान से गांव में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और पशुओं के लिए भी पीने का पानी सुलभ हो सकेगा और इसे सभी ग्रामों में अपनाया जाना चाहिए.

## अनमोल दावा

" संघर्ष इंसान को मजबूत बनाता है, फिर चाहे वो कितना भी कमजोर क्यों न हो।

## सम्पादकीय

# पंजाब में ''आप'' की लोकप्रियता बरकरार

हाल ही पंजाब के स्थानीय निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी का शानदार प्रदर्शन रहा। इससे पंजाब में ''आप'' पार्टी की लोकप्रियता बरकरार है, ऐसा माना जा सकता है। किन्तु, आगामी वर्ष की शुरूवात में आयोजित होनें वाले विधानसभाओं के चुनावों में यह निश्चित या अंतिम निष्कर्ष है, ऐसा नहीं माना जा सकता । लेकिन, ये चुनाव परिणाम कई महत्वपूर्ण राजनैतिक दिशा निर्देश अवश्य देता है।

लोकतंत्र की इस छोटी सी इकाई याने पालिका-पंचायत चुनाव परिणाम से राज्यस्तर का व्यापक चित्र सम्पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं होता। परन्तु, जनमत में स्थानीय मुद्दों बाबत निर्णायक भूमिका में रहता है। उल्लेखनीय कि आगामी वर्ष के फरवरी माह में पंजाब राज्य विधानसभा के चुनाव के लिए क्या इसे ''सेमी फाइनल '' माना जाए? परिणाम मई माह के अंतिम सप्ताह में आए हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस परिणाम को नफरत और साम्प्रदायिकता के सामने जनादेश और आप पार्टी द्वारा किए गए विकास और धर्मनिरपेक्षता की राजनीति बताया है। कुल 1977 वार्डों में से 'आप' को 958 वार्डों में जीत मिली, कांग्रेस को 397 वार्ड मिले, शिरोमणी अकाली दल (एस ए डी) को 192 भाजपा को 172 और बसपा को 7 वार्ड मिने थे।

कुल वार्डों में से 'आप' ने 48 प्रतिशत वार्ड जीते, तब कांग्रेस ने लगभग 20 प्रतिशत वोट शेयर के साथ वह दूसरे क्रम में रही थी। उसके बाद, निर्दलीय उम्मीदवारों को 13 प्रतिशत, शिरोमणी अकाली दल 10 प्रतिशत और भाजपा 9 प्रतिशत वोट शेयर के साथ नीचे के क्रम में रही थी।

दिल्ली हारने के बाद, 'आप' के राष्ट्रीय नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों से हमला हुआ था, जिससे 'आप' संकट में आ गई थी। उसकी सरकार ही चलते बनी। किन्तु, पंजाब के नगरीय निकायों के चनुाव परिणामों ने शीतल चंदन का लेप लगाया है। वैसे, निकाय के चुनावों में सत्तापक्ष की पार्टी की जीत स्वाभाविक रूप से मानी जाती है। क्योंकि, विकास के मद्देनजर और प्रभावशाली व समृद्ध वर्ग के लोग सत्तासीन पार्टी के साथ रहना चाहते हैं। वित्तीय सहायता और प्रशासनिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर सरलता से पहुंचती हैं। इस कारण, सत्ता पक्ष के उम्मीदवारों के जीतने की संभावना प्रबल होती हैं।

यद्यपि, उक्त आंकड़ों का विश्लेषण बहुत ही सावधानीपूर्वक करना होता है। स्थानीय चुनाव के दौरान कुल मतदान 64 प्रतिशत था, जब कि नगर निगमों में यह भागीदारी केवल 60 प्रतिशत थी । जो बड़े शहरों में मतदाताओं की उदासीनता और कम सक्रियता का प्रतिबिम्ब दर्शाता है। पंजाब में दीर्घाकर ले रही शराबखोरी का प्रतिबिम्ब नशीले पदार्थों का व्यापार, बढ़ते अपराध, कानून व व्यवस्था की स्थिति तथा सरकार की शासन नीतियों बाबत विरोधी दलों की तीव्र आलोचना आरोपों के बीच वे जनता के असंतोष का वोट में तब्दील करने में असफल रहे हैं।

कांग्रेस अभी भी आतंरिक गुटबाजी और नेतृत्व की अनिश्चितता जैसी समस्याओं का सामना का रही है। दूसरी ओर, शिरोमणी अकाली दल अभी भी आंतरिक विवाद और किसान आंदोलन के राजनैतिक परिणामों से बाहर नहीं निकल पायी है। यद्यपि, भाजपा अभी भी राज्य की चुनाव परिदृश्य में एक सीमित और गौण खिलाड़ी के रूप में दिखाई दे रही है। इसके बावजुद ऐसा लगता है कि वह 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अभी से सुसज्ज होने की तैयारी कर रही है।

# जंगलों से जननी सुरक्षा तक : सुरक्षित मातृत्व की राह पर बदलता छत्तीसगढ़



**जगत प्रकाश नड्डा**

किसी भी राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक पैमाना उसकी सड़कों, भवनों और उद्योगों से नहीं, बल्कि उस व्यवस्था से तय होता है जो अपने सबसे संवेदनशील नागरिकों की रक्षा करती है। गर्भवती महिलाएं और नवजात शिशु किसी भी समाज की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होते हैं। जब एक मां सुरक्षित रहती है तो केवल एक जीवन नहीं बचता, बल्कि एक पूरे परिवार, समाज और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

भारत ने पिछले एक दशक में मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिस परिवर्तनकारी यात्रा को तय किया है, वह विश्व स्वास्थ्य क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उदाहरण के रूप में उभरी है। इस परिवर्तन के केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) है, जिसने गर्भवती महिलाओं तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक व्यापक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले लिया है। इस अभियान की सफलता की सबसे प्रभावशाली कहानियों में से एक छत्तीसगढ़ की है, जहां घने जंगलों, दुर्गम पहाड़ियों और दूरस्थ आदिवासी अंचलों के बीच मातृ स्वास्थ्य सेवाओं ने नई पहचान बनाई है। दस वर्ष पहले जिन क्षेत्रों में गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच की कल्पना भी कठिन थी, वहां आज हर महीने की 9 तारीख मातृ स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सकीय सेवाओं का प्रतीक बन चुकी है। यह बदलाव केवल योजनाओं का परिणाम नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, तकनीकी नवाचार, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता और जन-भागीदारी के सामूहिक प्रयासों की कहानी है।

**नौ तारीख बनी सुरक्षित मातृत्व का प्रतीक**

9 जून 2016 को शुरू हुए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की अवधारणा सरल लेकिन प्रभावशाली थी। गर्भावस्था के नौ महीनों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक माह की नौ तारीख को गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष प्रसव पूर्व जांच दिवस के रूप में निर्धारित किया गया। इस दिन सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच, परामर्श और आवश्यक परीक्षणों की व्यवस्था की जाती है।

इस पहल ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को नियमितता और पहचान दी। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और उनके परिवारों के लिए यह समझना आसान हुआ कि प्रत्येक माह की नौ तारीख स्वास्थ्य जांच के लिए निर्धारित है। परिणामस्वरूप प्रसव पूर्व जांच की पहुंच और स्वीकार्यता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आज देशभर में करोड़ों महिलाओं ने इस अभियान का लाभ उठाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्भावस्था के दौरान समय पर जांच और जोखिमों की पहचान ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**छत्तीसगढ़ के लिए चुनौती थी भूगोल, समाधान बना समुदाय**

छत्तीसगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियां देश के अनेक राज्यों से भिन्न हैं। बस्तर, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और कांकेर जैसे जिलों के बड़े हिस्से वनाच्छादित हैं। कई गांव ऐसे हैं जहां बरसात के मौसम में पहुंचना बेहद कठिन हो जाता है। वर्षों तक इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रहा।

आदिवासी अंचलों में पारंपरिक मान्यताओं और घरेलू प्रसव की प्रथा भी लंबे समय तक मातृ स्वास्थ्य सुधार की राह में बाधा बनी रही। कई महिलाएं गर्भावस्था के दौरान किसी प्रकार की चिकित्सकीय जांच नहीं कराती थीं। यहीं से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने बदलाव की शुरुआत की। राज्य सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने संयुक्त रूप से रणनीति तैयार की कि जोखिम सामने आने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले उसकी पहचान की जाए। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, हाट-बाजार क्लीनिक, विशेष स्वास्थ्य शिविर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों




के माध्यम से विशेषज्ञ सेवाओं को गांवों तक पहुंचाया गया। आज स्थिति यह है कि जिन क्षेत्रों में कभी स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सीमित थी, वहां गर्भवती महिलाओं का नियमित पंजीकरण, जांच और फॉलोअप संभव हो रहा है।

**समय रहते जोखिम की पहचान बनी सबसे बड़ी ताकत**

मातृ स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश गंभीर प्रसूति जटिलताएं अचानक नहीं होतीं। उनके संकेत गर्भावस्था के दौरान दिखाई देने लगते हैं। यदि समय पर पहचान हो जाए तो अधिकांश जोखिमों को नियंत्रित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का सबसे महत्वपूर्ण पहलू उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान है। गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, गर्भकालीन मधुमेह, पूर्व प्रसव संबंधी जटिलताएं, कम उम्र या अधिक उम्र में गर्भधारण तथा जुड़वा गर्भ जैसी स्थितियों को विशेष रूप से चिन्हित किया जाता है। छत्तीसगढ़ में अभियान के अंतर्गत बड़ी संख्या में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की गई है। इन मामलों को चिन्हित करने के बाद उन्हें उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों से जोड़ा जाता है ताकि प्रसव के समय किसी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न न हो। यही कारण है कि राज्य के दूरस्थ जिलों में भी जटिल प्रसवों के सुरक्षित प्रबंधन की संभावना बढ़ी है। चिकित्सकों के अनुसार, समय पर रेफरल और नियमित निगरानी ने अनेक माताओं और नवजातों का जीवन बचाया है।

**डिजिटल ट्रैकिंग ने स्वास्थ्य सेवाओं को दिया नया आयाम**

पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल तकनीक ने मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों को नई गति प्रदान की है। पीएमएसएमए पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की नाम आधारित ट्रैकिंग संभव हुई है। किसी भी स्वास्थ्य केंद्र में जांच के बाद जानकारी तत्काल ऑनलाइन दर्ज की जाती है।

यदि किसी महिला को उच्च जोखिम श्रेणी में रखा जाता है तो उसकी जानकारी संबंधित चिकित्सकीय इकाइयों तक पहुंच जाती है। इससे स्वास्थ्य तंत्र को पहले से तैयारी करने का अवसर मिलता है। प्रसव की संभावित तिथि, चिकित्सकीय स्थिति और आवश्यक सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध रहने से आपातकालीन परिस्थितियों का बेहतर प्रबंधन संभव हो पाता है। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में, जहां दूरी और परिवहन लंबे समय तक बड़ी चुनौती रहे हैं, डिजिटल निगरानी प्रणाली ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक जवाबदेह और प्रभावी बनाया है।

**गांव की पगडंडी से अस्पताल तक, आशा कार्यकर्ताओं का असाधारण योगदान**

यदि इस परिवर्तन की असली कहानी लिखी जाए तो उसमें सबसे प्रमुख स्थान अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का होगा। आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी इस पूरे अभियान की रीढ़ हैं। आशा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण करती हैं, उन्हें नियमित जांच के लिए प्रेरित करती हैं और आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने में सहायता करती हैं। कई दूरस्थ गांवों में उन्होंने सामाजिक मान्यताओं को बदलने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पोषण संबंधी निगरानी करती हैं, जबकि एएनएम टीकाकरण, प्राथमिक जांच और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करती हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रारंभिक स्तर पर जोखिमों की पहचान कर विशेषज्ञ चिकित्सकों से समन्वय स्थापित करते हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इन कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता के बिना मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार की कल्पना संभव नहीं थी।

**जब योजनाएं साथ आईं तो बना सुरक्षा का व्यापक कवच**

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की सफलता केवल एक योजना की उपलब्धि नहीं है। इसकी प्रभावशीलता विभिन्न स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के समन्वय से बढ़ी है।

जननी सुरक्षा योजना संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन देती है। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम सरकारी अस्पतालों में प्रसव, दवाइयों, जांचों और परिवहन को निःशुल्क उपलब्ध कराता है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पोषण संबंधी सहायता प्रदान करती है, जबकि आयुष्मान भारत गंभीर मामलों में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

इन सभी योजनाओं ने मिलकर गर्भवती महिलाओं के लिए एक ऐसा सुरक्षा तंत्र तैयार किया है जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर आर्थिक सहायता और पोषण तक सभी पहलुओं को शामिल किया गया है।

**बस्तर की कहानी, जहां अस्पताल अब भरोसे का नाम है**

बस्तर संभाग के कई गांवों में आज भी ऐसे परिवार मिल जाते हैं जो कुछ वर्ष पहले तक अस्पताल में प्रसव कराने से हिचकते थे। लेकिन धीरे-धीरे परिस्थितियां बदली हैं।

सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जैसे जिलों में नियमित स्वास्थ्य शिविरों और सामुदायिक संवाद कार्यक्रमों ने विश्वास का वातावरण बनाया। जिन महिलाओं को पहले अस्पताल जाने में संकोच होता था, वे अब गर्भावस्था की शुरुआत से ही स्वास्थ्य जांच करा रही हैं।

कई मामलों में समय पर जांच के दौरान गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप या भ्रूण की असामान्य स्थिति की पहचान हुई और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जा सका। ऐसी हजारों कहानियां आज छत्तीसगढ़ के गांवों में सुनाई देती हैं जहां मातृत्व अब भय नहीं, बल्कि विश्वास और सुरक्षा से जुड़ा अनुभव बन रहा है।

**अगले दशक की दिशा : शून्य रोकी जा सकने वाली मातृ मृत्यु का लक्ष्य**

मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। दूरस्थ क्षेत्रों तक वर्षभर निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाना, प्रसवोत्तर देखभाल को और मजबूत बनाना तथा शहरी गरीब बस्तियों तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना अभी भी प्राथमिकताएं हैं।

ड्रोन आधारित आपूर्ति प्रणाली, टेलीमेडिसिन, डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड और प्रशिक्षित मिडवाइफरी सेवाओं का विस्तार आने वाले वर्षों में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और मजबूत बना सकता है।

छत्तीसगढ़ ने यह सिद्ध किया है कि कठिन भूगोल और सीमित संसाधनों के बावजूद यदि नीति, तकनीक और सामुदायिक भागीदारी एक साथ काम करें तो स्वास्थ्य क्षेत्र में असाधारण परिवर्तन संभव है।

आज जब हर महीने की 9 तारीख को राज्य के हजारों स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाएं जांच के लिए पहुंचती हैं, तो यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि उस भरोसे का प्रतीक है कि सुरक्षित मातृत्व प्रत्येक महिला का अधिकार है। बस्तर के जंगलों से लेकर सरगुजा की पहाड़ियों तक फैलती यह नई स्वास्थ्य चेतना वास्तव में विकसित भारत और सशक्त छत्तीसगढ़ की आधारशिला बन रही है।

**(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री हैं)**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 440 : अत्रि मुनि ने श्रीराम को दंडकारण्य में राक्षसों के स्वेच्छाचार पर सतर्क किया

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



अत्रि आश्रम में श्री राम के प्रवेश से ही एक अद्भुत वातावरण का सृजन हुआ। ध्यानरत अत्रि ऋषि को अनुभूति हुई, जैसे उनकी वर्षों की साधना अब पूरी होने वाली है। जैसे साक्षात नारायण उनके आसपास हैं। इस दिव्यता के प्रत्यक्ष दर्शन के लिए उन्होंने अपनी आँखें खोलीं। सामने एक तेजस्वी धनुर्धर युवक खड़े हैं। श्री राम ने उन्हें प्रणाम किया और अपना परिचय दिया। अत्रि मुनि ने उठकर उनका स्वागत किया। मुनि के संकेत पर श्रीराम के साथ-साथ लक्ष्मण जी और सीता जी ने भी आसन ग्रहण किए। मुनि की प्रसन्नता उनकी मुखाकृति और भाव भंगिमाओं में झलक रही है। श्री राम के वनवास का समाचार अत्रि मुनि को भी ज्ञात है।

उन्होंने श्रीराम से कहा,

'हे भक्तवत्सल । यह मेरा सौभाग्य है कि आपने आज मुझे साक्षात दर्शन दिए हैं। मेरे हृदय में इस बात का हर्ष है किंतु आपको, कुमार लक्ष्मण और देवी सीता को इस तरह घोर अरण्य में विचरण करते हुए देखकर मन में पीड़ा भी हो रही है।'

'सौभाग्य तो मेरा है मुनिवर! सघन वन के प्रारंभ में ही मुझे आपसे भेंट का सुअवसर प्राप्त हुआ है। क्या मुझे इसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए?'- श्री राम ने पूछा।

अत्रि ऋषि ने उत्तर दिया, 'अवश्य रणधीर! दक्षिण का रास्ता सघन वनों, दुर्गम पर्वतों, प्रचंड वेगवती नदियों और हिंसक पशुओं से युक्त है। किंतु इनसे भी बढ़कर भयानक राक्षसों का खतरा है। आप मार्ग में सावधानी के साथ आगे बढ़ें।'

'अवश्य मुनिश्रेष्ठ! क्या संपूर्ण दंडकवन जन शून्य है। मेरा अनुमान है कि स्थान-स्थान पर ऋषि-मुनियों के आश्रम भी हैं।' श्री राम ने कहा।

अत्रि मुनि ने कहा, 'आपका अनुमान सत्य है श्री राम। ऋषि मुनियों को एकांत साधना के लिए दंडकारण्य चाहिए और राक्षसों को भोग विलास, हिंसा, रक्तपात तथा स्वेच्छाचार के लिए दंडकारण्य चाहिए। इन्हीं दोनों विचारधाराओं में टकराहट के कारण दंडक अरण्य में अस्वाभाविक अशांति है।

'राक्षसों और उनके अत्याचार का उल्लेख सुनकर लक्ष्मण जी की भुजाएँ फड़कने लगीं। उन्हें ज्ञात हुआ कि शीघ्र ही उनके रण कौशल का उपयोग होगा।

श्री राम ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद मुनिश्रेष्ठ। मुझे भी तो अपने वनवास के दीर्घ 14 वर्षों के लिए दंडक अरण्य ही चाहिए।'

अत्रि मुनि ने श्री राम को भावी यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं। सीता जी ने माता अनसूया से भेंटकर नारी धर्म की महत्वपूर्ण बातों को ग्रहण किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। माता अनुसूया ने उन्हें दिव्य वस्त्र प्रदान किए, जो कभी मलिन नहीं होते थे। श्री राम, सीताजी और लक्ष्मण जी ने रात्रि विश्राम के बाद अत्रि आश्रम से आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान किया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा


# महंगाई से बचने का उपाय

गृहस्थ गिरधारी परेशान होकर,
सिर पे हाथ धर कर बोले -
ये कैसा समय आ गया है गजाधर !
रसोई गैस सिलेण्डर के दाम
पहले साठ रूपये बढ़े,
हम चिंता में पड़े,
और अब देखो तो सरकार ने
यह कहते हुए कि
अन्य देशों की अपेक्षा
हमारे भारत में रसोई गैस सस्ता है,
उन्तीस रूपया और बढ़ा दिया।
एक तो मारे महंगाई के हम
एसई चिन्ताग्रस्त थे,
सरकार ने हमें और चिढ़ा दिया।
गजाधर ! बताइए हम सीधे सादे ईमानदार
क्या करें, किधर जाएं ?
जीते जी मरते रहे कि सचमुच मर जाएँ ?
गजाधर बोले गंभीर होकर -गिरधारी !
चुनाव के दिनों में
हम जनता जनार्दन की भलाई के लिए
ये करेंगे, वो करेंगे, वह वाले बड़े नेताओं को
अब सरकार में आकर महंगाई बढ़ाना है।
और छोटे नेताओं को सामने से
गृहस्थ गिरधारी को आते देखकर
पतली गली से चुप निकल जाता है।
तो भैया गिरधारी ! ऐसी स्थिति में
हमें अपनी प्राणायामी शान्ति नहीं खोना है।
इस महंगाई के जमाने में
सरकार अपनी तारीफ करेगी।
और भोली भाली जनता
कष्ट-तकलीफ सहेगी।
यही सब तो अब होना है।
तब बानी गजाधर
की तरह मुस्कुराए,
बोले- और गिरधारी ! तुम्हें अगर
बढ़ती महंगाई से राहत पानी है,
तो तुम्हें भी अब बेईमान होना है।
(सोमवार 8 जून 2026)



गिरीश बख्शी

## राशिफल




**मेष**

आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा। कृषि कार्यों में प्रगति होगी आज अगर नया काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। साथ ही अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए। जमीन जायदाद से जुड़े काम आज पूरा कर लेंगे।



**वृष राशि**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घर वालों के साथ खुशी का माहौल बना रहेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझने होंगी। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। काम में आपका मन लगेगा। आज आपका चल रहा लोन पूरा होने की संभावना है।




**मिथुन**

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आज परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें। लोग आपका समर्थन करेंगे। लवमेट की पहले से चली आ रही अनबन आज खत्म होगी। एक दूसरे को और बेहतर समझेंगे। आज आय में वृद्धि के कई स्रोत मिलेंगे।




**कर्क**

आज आपके लिए दिन लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा।



**सिंह**

आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के एमटेक के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतर रहेगा आप किसी से राय ले लें। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा। आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज मनचाही वस्तु आप ले सकते हैं।




**कन्या**

आज आपका दिन मिला- जुला रहेगा। आज अनावश्यक विवाद करने से बचें आपकी उलझने बढ़ सकती हैं। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। परिवार से दूर रहकर जॉब कर रहे लोगों को घरवालों से मुलाकात करने का मौका मिलेगा।




**तुला**

आज आपका दिन अच्छा जाने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनायेंगे। अपनी जरूरत का सामान रखना न भूलें। आपके निर्णय में परिवार का भरपूर सपोर्ट मिलेगा।




**वृश्चिक**

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव से आज आपको राहत मिलेगी। आज आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी। दोस्तों के साथ आज छोटी मोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आपके स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा।




**धनु**

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में रुचि लेने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। पारिवारिक सुख समृद्धि बढ़ेगा। स्वजनों से लगाव बना रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत बनेगा। घर बनवा रहे लोगों का काम तेजी से आगे बढ़ेगा। नयी-नयी चीजों की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा।




**मकर**

आज आपका दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद वाहन लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का किसी मनचाहे फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आज जल्दबाजी के चक्कर में काम गलत हो सकता है, ध्यान से काम करने की आवश्यकता है। आपकी जीवनशैली में पहले से अनुकूल परिवर्तन आयेगा।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहेगा। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आज बड़ों की बात ध्यान से सुनें, बात को बीच में न काटे। इस राशि के लवमेट शाम को शॉपिंग पर जायेंगे। दिन मनोरंजन से भरपूर रहेगा। आपके व्यापार में पहले से बेहतर अनुकूलता रहेगी।



**मीन**

आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेह पूर्वक रहे। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों की आज लेखन कार्य में रुचि बढ़ेगी। आप किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। हार्डवेयर के कारोबारियों का काम अच्छा चलेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वन संरक्षण को लेकर उठे सवाल : 48 एकड़ भूमि में हजारों पेड़ों की कटाई का आरोप

**0 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के बीच पर्यावरण संरक्षण के दावों पर प्रश्नचिह्न**

**0 खैरागढ़ में प्रशासन ने जांच का दिया आश्वासन**



खैरागढ़ (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस पर जहां देशभर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम देवरी से सामने आया एक मामला पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को उजागर करता दिखाई दे रहा है। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम देवरी में 48 एकड़ भूमि पर लगे हजारों पेड़ों की कथित रूप से बिना वैधानिक अनुमति कटाई किए जाने के आरोप सामने आए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले के पाटन निवासी रूपेश चंद्राकर द्वारा ग्राम देवरी में लगभग 48 एकड़ भूमि खरीदी गई है। स्थानीय ग्रामीणों का दावा है कि यह क्षेत्र वन भूमि से सटा हुआ है तथा यहां बड़ी संख्या में परिपक्व और मूल्यवान वृक्ष मौजूद हैं। आरोप है कि इन वृक्षों की कटाई राजस्व एवं वन विभाग की आवश्यक स्वीकृति के बिना कराई जा रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक कटाई का कार्य प्रतिदिन सुबह लगभग 5 बजे से 9 बजे के बीच किया जा रहा है, ताकि गतिविधियां सामान्य लोगों की निगाह से दूर रहें। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाया जा रहा है,कि ग्राम देवरी निवासी एक व्यक्ति के माध्यम से कटाई का कार्य संचालित किया जा रहा है। ग्रामीणों का दावा है, कि अब तक लगभग दो एकड़ क्षेत्र के सैकड़ों पेड़ काटे जा चुके हैं तथा लकड़ियों का व्यावसायिक उपयोग एवं विक्रय भी किया जा रहा है।।

पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई का सीधा असर स्थानीय जलवायु, भू-जल स्तर, जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन पर पड़ता है। वर्तमान में बढ़ती गर्मी, जल संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के बीच वृक्ष संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। ग्रामीणों का कहना है,कि क्षेत्र में तापमान वृद्धि और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव के पीछे अनियंत्रित वृक्ष कटाई भी एक प्रमुख कारण है।

### विभागीय निगरानी पर उठ रहे सीधे सवाल

मामले ने प्रशासनिक तंत्र की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला मुख्यालय से बेहद कम दूरी पर यदि इतने बड़े पैमाने पर वृक्ष कटाई की गतिविधियां संचालित हो रही हैं तो संबंधित विभागों की जानकारी और निगरानी को लेकर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मुख्यालय के निकट ऐसी स्थिति है,तो दूरस्थ क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण की वास्तविक स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई- एसडीएम

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टंकेश्वर प्रसाद साहू ने कहा है, कि उन्हें शिकायत की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाएगी तथा जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अब पर्यावरण दिवस पर सामने आए इस संवेदनशील मामले में लोगों की निगाहें प्रशासनिक जांच और संभावित कार्रवाई पर टिकी हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पर्यावरण संरक्षण के दावों को व्यवहारिक रूप देने के लिए संबंधित विभाग कितनी तत्परता और गंभीरता से कदम उठाते हैं।

# प्रतिभाओं का सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का सम्मान नहीं, बल्कि समाज के उज्ज्वल भविष्य का सम्मान




**प्रतिभाओं का सम्मानः समाज के उज्ज्वल भविष्य का सम्मान - विष्णु लोधी**

**० विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों, शासकीय सेवकों एवं समाजसेवियों का किया गया सम्मान**

डोंगरगढ़ (दावा)। अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित नवम राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं अधिवेशन का आयोजन महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट, होटल टोल प्लाजा, दुर्ग में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि उपस्थित छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का आधार शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता होती है। प्रतिभाओं का सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का सम्मान नहीं, बल्कि समाज के उज्ज्वल भविष्य का सम्मान भी है।

विष्णु लोधी ने कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रशासनिक सेवाओं एवं नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं को उचित मार्गदर्शन, संसाधन और अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, अधिकारी, कर्मचारी, युवा, मातृशक्ति एवं विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अधिवेशन में समाज के संगठनात्मक विस्तार, शिक्षा प्रोत्साहन, युवा सशक्तिकरण तथा सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सम्मानित प्रतिभाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाजहित में ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# आईजी की अनुशंसा बनाम कलेक्टर की खामोशी



**न्याय नहीं मिला तो 22 जून को सभी पीड़ित परिवार विधानसभा अध्यक्ष के निवास पर गुहार लगाएंगे - धीरेंद्र साहू**

डोंगरगढ़ (दावा)। नक्सल हिंसा में अपनों को खो चुके परिवारों की आंखों में वर्षों से एक ही उम्मीद थी कभी तो सरकार उनकी पीड़ा सुनेगी, कभी तो उनके जख्मों पर मरहम लगेगा। लेकिन आज हालात ऐसे हैं कि एक ओर पुलिस विभाग के सर्वोच्च अधिकारी उनकी मदद के लिए पत्र लिख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन की खामोशी पीड़ित परिवारों के दर्द को और बढ़ा रही है।

प्रशासनिक लचर व्यवस्था को लेकर उक्त आरोप लगाते हुए नक्सल पीड़ितो को न्याय दिलाने संघर्ष कर रहे हैं नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य धीरेंद्र साहू ने बताया कि,राजनांदगांव रेंज के आईजी ने 27 मई को पत्र जारी कर नक्सल पीड़ितों के लंबित मामलों के निराकरण की अनुशंसा की थी। यह पत्र उन परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बनकर आया था, जिन्होंने वर्षों से न्याय और पुनर्वास का इंतजार किया है। लेकिन आईजी के पत्र के बाद भी यदि कलेक्टर कार्यालय में कोई ठोस पहल नहीं होती, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर प्रशासन किस बात का इंतजार कर रहा है?

आज स्थिति ऐसी दिखाई दे रही है मानो एक तरफ आईजी की संवेदनशील पहल खड़ी है और दूसरी तरफ जिला प्रशासन की चुप्पी। एक अधिकारी पीड़ितों के दर्द को समझते हुए समाधान का रास्ता सुझा रहा है, जबकि दूसरी ओर फाइलें अब भी निर्णय की प्रतीक्षा में पड़ी हैं।

नक्सल पीड़ित परिवार संघ के प्रतिनिधि धीरेन्द्र साहू ने कहा कि जिन परिवारों ने अपने पिता, पति, बेटे, बेटियों और परिजनों को नक्सली हिंसा में खोया है, उनके लिए यह सिर्फ सरकारी फाइल का मामला नहीं, बल्कि जीवन और सम्मान का प्रश्न है। कई परिवार आर्थिक तंगी में जीवन गुजार रहे हैं। कई बच्चे आज भी अपने भविष्य को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में पुनर्वास और सहायता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि उनका अधिकार है।उन्होंने कहा कि जब आईजी स्वयं पीड़ितों के पक्ष में खड़े होकर कार्रवाई की अनुशंसा कर चुके हैं, तो कलेक्टर कार्यालय द्वारा पुनर्वास समिति की बैठक तक नहीं बुलाना समझ से परे है। आखिर ऐसा कौन-सा कारण है जो नक्सल पीड़ितों को उनका वैधानिक हक मिलने से रोक रहा है?संघ का कहना है कि वर्षों से न्याय की आस लगाए बैठे परिवार अब थक चुके हैं। हर बार आश्वासन मिलता है, लेकिन निर्णय नहीं। हर बार उम्मीद जगती है, लेकिन फाइलें आगे नहीं बढ़तीं। जिन घरों में नक्सली हिंसा ने चूल्हे बुझा दिए, वहां आज भी इंतजार की आग जल रही है।

धीरेन्द्र साहू ने स्पष्ट कहा कि यदि 20 जून तक सभी पात्र नक्सल पीड़ित परिवारों को राहत एवं पुनर्वास का लाभ नहीं दिया जाता, तो 22 जून को सैकड़ों पीड़ित परिवार रायपुर पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष के निवास पर गुहार लगाएंगे। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार अब टकराव नहीं, न्याय चाहते हैं; आंदोलन नहीं, अधिकार चाहते हैं। लेकिन यदि उनकी आवाज लगातार अनसुनी की जाती रही, तो उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से अपनी लड़ाई को राजधानी तक ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

आज हर पीड़ित परिवार की जुबान पर एक ही सवाल है—जब आईजी पीड़ितों के साथ खड़े हैं, तो कलेक्टर आखिर किसके साथ खड़े हैं? और यदि आईजी की अनुशंसा के बाद भी न्याय नहीं मिलता, तो फिर नक्सल पीड़ित परिवार अपनी उम्मीद लेकर किस दरवाजे पर जाएं? यह सवाल अब केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और न्याय की कसौटी बन चुका है।

# भाजपा नेत्री द्वारा शराब दुकान का उद्घाटन करने की घटना से आहत नेताओं में दिखा भारी आक्रोश



**० भारतीय जनता पार्टी लाल बहादुर नगर मंडल की मासिक बैठक संपन्न**

**० भरत वर्मा द्वारा खाद वितरण को लेकर आवश्यक सुझाव दिए गए**

डोंगरगढ़(दावा)। भारतीय जनता पार्टी लाल बहादुर नगर मंडल द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाने वाली मासिक बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष श्री मनोज कांडे के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बैठक में संगठनात्मक विषयों, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में एम.डी. ठाकुर, मंडल प्रभारी लाल बहादुर नगर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि के रूप में दादूराम सोनकर (सह मंडल प्रभारी), भरत वर्मा (उपाध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव), प्रशांत कोडापे (सभापति, जिला पंचायत), श्रीमती अनीता मंडावी (जिला पंचायत सदस्य), श्रीमती पुष्पा सिन्हा (अध्यक्ष, महिला मोर्चा, लाल बहादुर नगर मंडल), घनश्याम यादव (अध्यक्ष, युवा मोर्चा) देवेंद्र साहू (अध्यक्ष, नगर पंचायत लाल बहादुर नगर) एवं हेमलाल वर्मा (महामंत्री, लाल बहादुर नगर मंडल) मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में भरत वर्मा ने किसानों को खाद वितरण से संबंधित वर्तमान स्थिति एवं समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खाद की कोई कमी नहीं है तथा किसानों को समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके पश्चात दादूराम सोनकर ने संगठन की मूल शक्ति बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को बताते हुए बूथों को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से बूथ सुदृढ़ीकरण अभियान में पूर्ण सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।मुख्य वक्ता एम.डी. ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार की जनहितकारी योजनाओं की सही एवं संपूर्ण जानकारी रखे, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने तथा संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

विकासखंड के ग्राम चारभाटा में जिला सहकारी बैंक की शाखा के स्थान पर शासन द्वारा शराब दुकान खोलने और उसके उद्घाटन में क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य अनीता मांडवी के उत्साह पूर्वक भाग लेकर उद्घाटन करने की घटना ने एल बी नगर मंडल भाजपा से लेकर प्रदेश भाजपा संगठन के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। आने वाले समय में कांग्रेस के शीर्ष नेता जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की करनी और कथनी को लेकर सवाल पूछेंगे तो भाजपा संगठन के पास कोई जवाब नहीं होगा। विश्वास सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि,क्षेत्र के अधिकांश वरिष्ठ नेताओ द्वारा जिला भाजपा संगठन से मांग की गई है कि, कथित रूप से शराब दुकान का उद्घाटन करने वाली भाजपा नेत्री पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाय।

# जनपद पंचायत छुरिया में रोजगार दिवस का का आयोजन




छुरिया (दावा)। जनपद पंचायत छुरिया में आठ जून को ग्राम पंचायत में चावल महोत्सव रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया।

आयोजन के दौरान आवास एवं मनरेगा योजनाओं से संबंधित लंबित विषयों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) एवं अन्य आवास योजनाओं अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य को अधिकतम 90 दिवस में पूर्ण कराने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर विस्तृत चर्चा की गई।

हितग्राहियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग बोरी बंधान इंजेक्शन वेल व जल संरक्षण सम्बन्धित संरचना निर्माण हेतु प्रेरित किया गया तथा जल संरक्षण के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया।

मनरेगा अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को माह जून 2026 के भीतर पूर्ण कराने एवं मांग आधारित नवीन कार्य प्रारंभ करने हेतु चर्चा किया गया। समस्त पंचायतो में 1 जुलाई से विकसित भारत जी राम जी एक्ट प्रारंभ होने के सम्बंध में प्रचार प्रसार व जानकारी दिया गया। समस्त पंचायतों में QR कोड चस्पा कराया गया है जिसके अंतर्गत मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यो के सम्बंध में QR कोड स्कैन करके ग्रामवासी जानकारी प्राप्त कर सकते है। जल संचयन एवं संरक्षण हेतु स्लोगन, नारे आदि का लेखन माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### कम बारिश में भी धान की अच्छी फसल का मंत्र - कतार बोनी और नैनो डीएपी

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी अद्यतन दीर्घावधि पूर्वानुमान के अनुसार वर्ष 2026 में दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान देश में वर्षा दीर्घकालिक औसत के लगभग 90 प्रतिशत रहने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार एल-नीनो की स्थिति के कारण इस वर्ष मानसून सामान्य से कमजोर रह सकता है तथा जून माह में भी सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को जल संरक्षण आधारित वैज्ञानिक खेती अपनाने की सलाह दी जा रही है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार कम वर्षा अथवा वर्षा में लंबे अंतराल की स्थिति में धान की सीड ड्रिल द्वारा कतार बोनी किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकती है। कतार बोनी में बीज निर्धारित गहराई एवं समान दूरी पर स्थापित होते हैं।

# नदी किनारे अर्धनग्र अवस्था में अधेड़ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी



**फारेंसिक व पुलिस जांच में जुटी**

डोंगरगांव (दावा)। सोमवार की सुबह गांव व शहरवासियों के लिए बुरी खबर लेकर आया जब एक अधेड़ का शव नदी किनारे खेत में अर्धनग्र अवस्था में मिला. बता दें कि नगर के सटे ग्राम माथलडबरी में घुमरिया नदी के किनारे खेत में एक अधेड़ के शव की स्थिति व शरीर पर खून के निशान मिलने से यह खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और अनेक चर्चाएं प्रारंभ हो गयी. मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों और परिजनों से चर्चा की गई तब पता चला कि पशु पालक किसान अपनी भैंसों को खोजने के लिए रविवार 7 जून को घर से निकाला था लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं आने पर उनके परिजनों ने खोजबीन प्रारंभ की, जिसके बाद दूसरे दिवस सोमवार 8 जून प्रातः 5 बजे डोंगरगांव आंवला प्लांटेशन के समीप नदी किनारे एक खेत में उनका शव देखा गया.

घटना स्थल पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम माथलडबरी निवासी अर्जुन सोनकर के खेत में सोनसाय धनकर का शव के मिलने से ग्रामीणों व्दारा तरह-तरह की आशंकाएँ व्यक्त की जा रही थी और इसे कोई भी सामान्य मौत मानने को तैयार नहीं थे. मौके पर मिली जानकारी के अनुसार माथलडबरी निवासी सोनसाय धनकर 52 वर्ष अपनी दिनचर्या के अनुसार रविवार शाम को अपनी पालतू भैंसों को ढूंढने निकले थे. माथलडबरी एनीकट के समीप अपने वाहन को रखकर नदी किनारे खेतों की ओर पहुंचने के बाद वहाँ से संध्या 6 बजे के आसपास अपने भतीजे भूपेंद्र धनकर से ग्राम के रावदेव क्षेत्र में 10-15 भैंसें मिलने की बात बताया था. जिसके बाद वहाँ से रात्रि 9 बजे तक घर वापस नहीं आने के चलते परिजनों ने उन्हें खोजना प्रारंभ किया. देर रात्रि खोजबीन के बाद प्रातः 5 बजे उनका शव अर्जुन सोनकर के खेत में मिला. प्रथम दृष्टया शव में अनेक घाव मिले और पीठ के बल जमीन में पड़े शव के सिर पर चश्मा लगा होना, एक पैर में चप्पल का पहना होना, हाथ में अपने कपड़ों का पकड़ा होना और साथ ही शरीर के अनेक स्थानों पर खून लगे होने से हत्या की आशंका जाहिर की जा रही थी. परिजनों के अनुसार मृतक हृदय रोगी भी था, अनेक शंकाओं को देखते हुए डोंगरगांव पुलिस व्दारा फारेंसिक टीम को बुलवाया गया और बारीकी से जांच करने पर शव में कुछ दीमक पाये गए हैं और आशंका जताई जा रही है कि जगह-जगह खून के निशान इन दीमकों के काटने की वजह से भी हो सकता है.नदी किनारे खेत में सुबह शव देखे जाने की जानकारी मिली थी, मौके पर पहुंच कर शव की स्थिति की अनुसार व शरीर के अन्य हिस्सों खून के निशान होने चलते फारेंसिक टीम को बुलाया गया था उनके अनुसार खून के निशान दीमकों और चीटियों काटने के हो सकते हैं और कोई भी मारपीट होने जैसे चोट के निशान शरीर पर नहीं हैं हॉलाकि पोष्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण का खुलासा हो जायेगा।

-आशीर्वाद राहटगांवकर थाना प्रभारी

# घुमका की जनता ने भाजपा के दावों को किया खारिज, फूलमती वर्मा की जीत पूर्व सीएम भूपेश बघेल की विकास सोच पर मुहर - राजेश कुमार 'चंपू'



राजनांदगांव (दावा)। नवगठित घुमका नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती फूलमती वर्मा की ऐतिहासिक जीत को कांग्रेस नेताओं ने जनता का विकास और विश्वास पर आधारित निर्णय बताया है। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा को 85 मतों से पराजित कर फूलमती वर्मा ने नगर पंचायत की पहली अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल किया है।

इस अवसर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एआईसीसी द्वारा नियुक्त डोंगरगढ़-बिंद्रानवागढ़ प्रभारी, एआईसीसी बिहार ऑब्जर्वर एवं इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 41 के पूर्व पार्षद राजेश कुमार चंपू ने कहा कि घुमका की जनता ने इस चुनाव के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि वह विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री रहते घुमका को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की गई थी और जनता ने उसी विकासवादी सोच पर भरोसा जताते हुए कांग्रेस को विजय का आशीर्वाद दिया है।


राजेश कुमार चंपू ने कहा कि चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष के कई वरिष्ठ नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन जनता ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास के पक्ष में निर्णय सुनाया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया है कि घुमका की जनता जागरूक है और वह केवल वादों नहीं बल्कि कार्यों के आधार पर अपना निर्णय करती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव मैदान में काम किया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। यह जीत कांग्रेस संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का प्रतीक है।

श्री चंपू ने कहा कि यह परिणाम आने वाले राजनीतिक परिदृश्य के लिए भी महत्वपूर्ण संकेत है। जनता ने अपने मत के माध्यम से यह दर्शाया है कि वह जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सजग है और लोकतांत्रिक जवाबदेही चाहती है।

उन्होंने ऐतिहासिक जीत के लिए श्रीमती फूलमती वर्मा, कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा घुमका नगर पंचायत की जागरूक जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यही एकजुटता भविष्य में भी कांग्रेस को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी तथा जनहित की लड़ाई को और प्रभावी बनाएगी।

# आपदा पूर्व चेतावनी एवं सहायता के लिए एप एवं टोल फ्री नंबर किसानों और ग्रामीणों के सच्चे साथी बनेंगे दामिनी और मेघदूत एप




**० मेघदूत एप से मौसम की मिलेगी सटीक जानकारी**

**० दामिनी एप आकाशीय बिजली के कहर से बचाएगी**

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा बाढ़, आकाशीय बिजली, वनीय आग, लू-तापघात सहित अन्य आपदाओं के बारे में जनसामान्य को पूर्व चेतावनी प्रदान करने के लिए सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप विकसित किया गया है। इसके साथ ही आपदा के समय जनसामान्य को सहायता एवं बचाव हेतु आपदा टोल फ्री नंबर 1070 व 112 जारी किया गया है। किसानों और ग्रामीणों के दो सच्चे साथी अब हमेशा उनके साथ रहेंगे। एक उन्हें मौसम संबंधी जानकारी से लैस करेगा, तो दूसरा आकाशीय बिजली की कहर से बचाएगा। छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक के साथ ही खेती-किसानी का काम-काज शुरू हो जाता है। किसान मौसम संबंधी सटीक जानकारी के लिए मेघदूत और आकाशीय बिजली से जनहानि और पशुहानि से बचाव के लिए दामिनी एप्प का सहारा ले सकते हैं।

भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने इन दोनों एप्प को लॉन्च किया है। इसे गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्राइड मोबाईल पर डाउनलोड किया जा सकता है। मेघदूत एप अंतर्गत कृषि कार्यों में किसानों के मार्गदर्शन हेतु विशेषज्ञ पैनल द्वारा स्थानीय स्तर पर मौसम आधारित उपयुक्त फसल सलाह दी जाती है। इसके साथ ही जिला एवं तहसील स्तर पर पशुपालन, मत्स्य पालन, जलीय कृषि, रेशम उत्पादन, मधुमक्खी पालन हेतु सलाह दी गई है। मेघदूत एप के माध्यम से आगामी 5 दिनों के लिए महत्वपूर्ण मौसम अव्यव जिनमें वर्षा, तापमान, हवा, सामेक्षित आर्द्रता एवं मेघाच्छादन के लिए मौसम पूर्वानुमान प्रदर्शित होता है, जिसमें देश के सभी जिले एवं तहसील शामिल है। खेती-किसानी के सीजन में किसानों के लिए मौसम की सटीक जानकारी आवश्यक होती है, इससे खेती-किसानी का काम-काज व्यवस्थित और सुचारू ढंग से करने में मदद मिलती है। मानसून के दौरान ही आकाशीय बिजली की घटनाओं का सिलसिला शुरू हो जाता है, इसके कारण अधिक संख्या में जन एवं पशु हानि की सूचनाएं प्राप्त होती है। इन घटनाओं में कमी लाने और लोगों को सचेत करने के लिए दामिनी एप्प तैयार किया गया है। इस एप्प के माध्यम से 20 से 31 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान मिल जाएगा। इससे पशुहानि और जनहानि को रोकने में मदद मिलेगी।

# मुल्लांपुर टेस्ट में टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को चटाई धूल, सुंदर ने गेंद और बल्ले से किया दमदार प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में खेला गया। इस मैच में टीम इंडिया ने एक पारी और 300 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। टेस्ट क्रिकेट में यह टीम इंडिया के लिए पारी के आधार पर सबसे बड़ी जीत है। इस मैच में टीम इंडिया के गेंदबाजों ने दोनों पारियों में शानदार गेंदबाजी की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 8 विकेट के नुकसान पर 564 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जवाब में अफगानिस्तान की टीम पहली पारी में 152 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इसके बाद टीम इंडिया ने उन्हें फॉलो ऑन दिया और दुसरी पारी में उनकी टीम सिर्फ 9 विकेट के नुकसान पर 112 रन पर बना पाई और अंत में उन्हें एक बड़ी हार का सामना करना पड़ा। अफगानिस्तान के बल्लेबाज शराफुद्दीन अशरफ दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं आए।



टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल अफगानिस्तान की बल्लेबाजी के साथ शुरू हुआ। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अफगानी टीम ने पांच विकेट के नुकसान पर 113 रन बना लिए थे। इसके बाद तीसरे दिन के पहले सत्र में ही टीम इंडिया के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को ऑलआउट कर दिया। अफगानी टीम के लिए पहली पारी में रहमत शाह ने सबसे ज्यादा 60 रन बनाए। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। वहीं अफगानिस्तान की तरफ से दूसरी पारी में सेदिकुलाह अटल ने 42 रन की पारी खेली और वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

भारतीय गेंदबाजी की बात करें तो इस मैच में डेब्यूटेंट मानव सुथार ने दोनों पारियों को मिलाकर सबसे ज्यादा 7 विकेट लिए। उन्होंने पहली पारी में 6 और दूसरी पारी में 1 विकेट हासिल किए। वहीं वॉशिंगटन सुंदर ने इस मैच में 5 विकेट निकाले। उन्होंने दूसरी पारी में सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। इसके अलावा कुलदीप यादव और प्रसिद्ध ने भी इस मैच में तीन विकेट लिए। कुल मिलाकर टीम इंडिया के सभी बॉलर्स ने इस मुकाबले में टीम इंडिया की जीत में अहम योगदान दिया।

इस मैच में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। भारत के लिए इस मैच में दो बल्लेबाजों ने शतकीय पारी खेली। उपकप्तान और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल 165 बॉल पर 100 रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं कप्तान शुभमन गिल ने 177 गेंदों में 15 चौके और एक छक्का की मदद से 126 रन बनाए। साई सुदर्शन, ऋषभ पंत और वॉशिंगटन सुंदर ने अर्धशतक लगाया। सुदर्शन ने 81, ऋषभ पंत ने 84 और सुंदर ने 52 रनों की पारी खेली।

## पहला कॉलम...

### एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने गौतम अदाणी

नई दिल्ली। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी की संपत्ति बढ़कर 89.2 अरब डॉलर हो गई, जो उन्हें एशिया में सबसे अमीर व्यक्ति बनाती है। यह जानकारी फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलेनियर्स लिस्ट में दी गई थी। अदाणी के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 88 अरब डॉलर के साथ दूसरे और सॉफ्टबैंक के मासायोशी सोन 87 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर है। सोन गुरुवार को जापानी निवेश फर्म के शेयरों में गिरावट से पहले एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति थे। गौतम अदाणी की संपत्ति का मुख्य स्त्रोत अदाणी समूह की कंपनियों में हिस्सेदारी है।

अदाणी समूह की छह कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्य लगभग शुक्रवार तक 191 अरब डॉलर था। इसमें अदाणी पावर 47.2 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ शीर्ष पर था। इसके बाद अदाणी पोर्ट्स का मूल्यांकन 44.2 अरब डॉलर, अदाणी एंटरप्राइजेज का वैल्यूएशन 44 अरब डॉलर, अदाणी ग्रीन एनर्जी का मार्केट 26.4 अरब डॉलर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का वैल्यूएशन 19.9 अरब डॉलर और अदाणी टोटल गैस का मार्केट कैप 8.8 अरब डॉलर था। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार, गौतम अदाणी की संपत्ति में पिछले महीने अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा अदाणी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों को खारिज करने के बाद से लगभग 10 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। ये आरोप सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंधों को लेकर 250 मिलियन डॉलर के लेनदेन में समूह की भागीदारी के थे। हालांकि, अदाणी समूह ने इन दावों का खंडन किया था।

### 38 साल की उम्र में फेमस सिंगर पेप्सी शर्मा का निधन, हार्ट अटैक बना काल

नई दिल्ली। हरियाणवी लोक गायक और मशहूर रागनी कलाकार पेप्सी शर्मा ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। 38 साल की उम्र में उनकी मौत हो गई है। परिवार वालों के मुताबिक हार्ट अटैक के चलते उनकी जान चली गई है। फैमिली ने बताया कि अचानक ही उनके सीने में दर्द उठा और उसके बाद निधन हो गया। तकलीफ होने के बाद उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया। यशपाल शर्मा अपने स्टेज नाम 'पेप्सी शर्मा' से काफी मशहूर हुए। गाजियाबाद के पटला गांव के रहने वाले पेप्सी शर्मा ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली-हृष्टक्र इलाके में अपने स्टेज परफॉर्मेंस से बहुत लोकप्रियता हासिल की।राष्ट्रीय लोक दल ने श्रद्धांजलि देते हुए एक पोस्ट साझा किया, जिसमें लिखा है, अपनी रागनी के जरिए लोगों के दिलों में जगह बनाने वाले प्रसिद्ध रागनी गायक पेप्सी शर्मा जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। राष्ट्रीय लोक दल परिवार की तरफ़ से विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों-प्रशंसकों के प्रति इस मुश्किल घड़ी में संवेदनाएं।

### अंपायर वी विक्रम राज का निधन

नई दिल्ली। भारत बनाम अफगानिस्तान एकमात्र टेस्ट के दौरान क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। क्रिकेट की दुनिया ने रविवार यानी 7 जून को एक ऐसे शख्स को हमेशा के लिए खो दिया, जिसका नाम भले चर्चित खिलाड़ियों जितना न रहा हो, लेकिन खेल के इतिहास के सबसे यादगार पलों में से एक को उन्होंने बेहद करीब से देखा और जिया था।दरअसल, 92 साल की उम्र में वी विक्रम राजू ने अंतिम सांसे ली। राजू का अंतरराष्ट्रीय करियर आंकड़ों के लिहाज से भले लंबा नहीं था, लेकिन क्रिकेट इतिहास में उनका नाम हमेशा 1986 के उस यादगार चेन्नई टेस्ट से जुड़ा रहेगा, जो क्रिकेट इतिहास का दूसरा टाई टेस्ट था। इससे पहले 1960 में ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच ब्रिस्बेन में टेस्ट मैच टाई हुआ था। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ ने एक बयान में कहा, केएससीए के अध्यक्ष और प्रबंध समिति बहुत दुख के साथ पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर विक्रम राजू के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं। उन्होंने कई दशकों तक क्रिकेट के खेल की ईमानदारी से सेवा की. एक अंपायर के तौर पर, उन्होंने खेल के सबसे ऊंचे स्तर पर पहचान बनाई।

### शेयर बाजार में जोरदार गिरावट, सेंसेक्स 719 अंक फिसला

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस दौरान घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 50 में 1 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 719.08 अंकों यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,524.26 पर बंद हुआ, तो वहीं निफ्टी 243.70 (1.04 प्रतिशत) अंक गिरकर 23,123 पर पहुंच गया। व्यापक बाजार का प्रदर्शन प्रमुख बेंचमार्कों से खराब रहा। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 1.40 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.92 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## 8.2 तीव्रता के भूकंप से हिला फिलीपींस, 4 की मौत

नई दिल्ली। फिलीपींस से इस वक्त बेहद डराने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं. सुबह-सुबह आए शक्तिशाली भूकंप ने लोगों को दहला कर रख दिया. तेज झटकों के बाद कई इलाकों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ इमारतें देखते ही देखते ताश के पत्तों की तरह ढह गईं.



सोशल मीडिया पर सामने आ रहे वीडियो में लोग चीखते-चिल्लाते हुए अपनी जान बचाने के लिए खुले मैदानों की ओर भागते नजर आ रहे हैं. जानकारी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 8.2 मापी गई है, जिसके झटके काफी दूर-दूर तक महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर नीचे बताया जा रहा है. स्थानीय समय के अनुसार सुबह करीब 7¬37 बजे धरती कांपी और कुछ ही सेकंड में हालात बदल गए. सबसे ज्यादा असर मिंडानाओ द्वीप और आसपास के इलाकों में देखने को मिला. कई इमारतों और मकानों को नुकसान पहुंचा है. राहत और बचाव दल लगातार प्रभावित क्षेत्रों में काम कर रहे हैं और नुकसान का आकलन किया जा रहा है. भूकंप के बाद खतरा यहीं खत्म नहीं हुआ. अधिकारियों ने फिलीपींस और आसपास के कुछ तटीय क्षेत्रों के लिए सुनामी अलर्ट भी जारी किया है. समुद्र किनारे रहने वाले लोगों से तुरंत सुरक्षित और ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की गई है. साथ ही यह चेतावनी भी दी गई है कि आने वाले घंटों या दिनों में आफ्टरशॉक्स यानी दोबारा झटके महसूस हो सकते हैं.

## ODI सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, 2 स्टार खिलाड़ी बाहर, 25 साल के गेंदबाज को पहली बार मिला मौका

नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को दो बेहद बड़े और करारे झटके लगे हैं। टीम के सबसे आक्रामक ओपनर ट्रैविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श आगामी वनडे सीरीज से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी ने ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर्स की चिंता बढ़ा दी है, जिसके चलते टीम में कई नए और युवा चेहरों पर भरोसा जताया गया है। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस को एक बार फिर टीम की कप्तानी की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है।



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों सीनियर खिलाड़ियों के बाहर होने के पीछे अलग-अलग वजहें हैं, जिसके तहत ट्रैविस हेड ने आईपीएल के ठीक बाद निजी कारणों के चलते छुट्टी मांगी थी, जिसे मंजूर कर लिया गया है और अब वह बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टी20 दोनों ही ODI सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। वहीं दूसरी ओर, नियमित कप्तान मिचेल मार्श अपनी पुरानी एंकल इंजरी (टखने की चोट) से अभी तक पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं, जिसके कारण वह वनडे सीरीज से बाहर रहेंगे, हालांकि राहत की बात यह है कि वह बाद में ढाका पहुंचकर टी20 सीरीज के लिए टीम के साथ जुड़ेंगे और तैयारी शुरू करेंगे।

मिचेल मार्श और नियमित कप्तान पैट कमिंस (जिन्हें इस दौरे से आराम दिया गया है) की अनुपस्थिति में जोश इंग्लिस को वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, और इससे पहले पाकिस्तान दौरे पर भी पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में इंग्लिस ने ही कंगारू टीम की कप्तानी की अगुवाई की थी, जहां उनका नेतृत्व बेहद शानदार रहा था। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने इस दौरे के लिए स्पिन विभाग में एक बड़ा चौंकाने वाला फैसला लिया है। बेहतरीन ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की व्हाइट-बॉल (वनडे) टीम में शामिल किया गया है। मर्फी ने अब तक केवल लाल गेंद से टेस्ट क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ी थी। उन्हें टीम में चोटिल लेग स्पिनर तनवीर संघा की जगह शामिल किया गया है, जो पाकिस्तान दौरे के दौरान हैमस्ट्रिंग इंजरी का शिकार हो गए थे। इसके अलावा सिलेक्टर्स ने युवा सनसनी ओली पीक और शानदार फॉर्म में चल रहे ऑलराउंडर मैट शॉर्ट को टीम में बरकरार रखा है।

चयन समिति के प्रमुख टोनी डोडेमाइड ने टीम चयन पर बात करते हुए कहा कि हमें पूरी उम्मीद थी कि मिचेल मार्श बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे, लेकिन मेडिकल टीम के अनुसार वह अभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए शत-प्रतिशत तैयार नहीं हैं। वहीं ट्रैविस हेड को उनके अनुरोध पर निजी अवकाश दिया गया है।

## रिपोर्टर पर भड़कीं भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर

नई दिल्ली। आईसीसी विमेंस टी20 विश्व कप 2026 के आगाज से पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर सुर्खियों में आ गई हैं. लंदन में आयोजित 'कैप्टन्स कार्निवल' कार्यक्रम के दौरान एक रिपोर्टर ने उनसे ऐसा सवाल पूछ लिया, जिसकी शायद उन्हें उम्मीद नहीं थी. हरमनप्रीत ने जिस अंदाज में जवाब दिया, उसने रिपोर्टर की बोलती बंद कर दी.




37 वर्षीय हरमनप्रीत कौर से जब पूछा गया कि क्या यह उनका आखिरी टी20 विश्व कप होगा, तो भारतीय कप्तान ने जवाब देने के बजाय ऐसा सवाल दागा कि माहौल ही बदल गया. उनका जवाब सुनकर कई लोगों को महेंद्र सिंह धोनी की याद आ गई, जो अपने करियर के दौरान ऐसे सवालों का जवाब बेहद चतुराई और सादगी से दिया करते थे. टी20 विश्व कप से पहले आयोजित कार्यक्रम में एक रिपोर्टर ने हरमनप्रीत कौर से पूछा, 'क्या यह आपका आखिरी टी20 विश्व कप होगा?

इस पर हरमनप्रीत कौर ने मुस्कुराते हुए कहा, 'तो फिर आप यह सवाल क्यों पूछ रहे हैं?' इस जवाब के बाद कार्यक्रम में मौजूद लोग भी मुस्कुराने लगे और रिपोर्टर के पास कहने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा. हरमनप्रीत कौर का यह जवाब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. कई प्रशंसकों ने इसे 'धोनी स्टाइल रिप्लाई' बताया है. महेंद्र सिंह धोनी भी अपने करियर में रिटायरमेंट से जुड़े सवालों का जवाब अक्सर इसी अंदाज में देते थे- कम शब्द, लेकिन सीधा असर. हरमनप्रीत ने अपने जवाब से साफ कर दिया कि फिलहाल उनका पूरा ध्यान क्रिकेट पर है, न कि संन्यास पर.

पिछले साल भारतीय महिला टीम ने हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में वनडे विश्व कप खिताब जीता था. इसके बाद अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह अपने करियर का सबसे बड़ा सपना पूरा करने के बाद संन्यास का ऐलान कर सकती हैं. लेकिन हरमनप्रीत ने तब भी साफ कर दिया था कि उनका क्रिकेट छोड़ने का कोई इरादा नहीं है.

## आर्मंड डुप्लांटिस को 2023 के बाद पहली हार मिली, स्वीडिश पोल वॉल्ट स्टार कर्टिस मार्शल से हारे

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के कर्टिस मार्शल ने रविवार को स्टॉकहोम डायमंड लीग में आश्चर्यजनक उलटफेर करते हुए ओलंपिक चैंपियन आर्मंड डुप्लांटिस को हरा दिया और पुरुषों के पोल वॉल्ट में स्वीडिश स्टार की लगातार 40 जीत के उल्लेखनीय सिलसिले को समाप्त कर दिया। रॉयटर्स के अनुसार, घरेलू दर्शकों के सामने प्रतिस्पर्धा करते हुए डुप्लांटिस अपने करियर में 16वीं बार 6.31 मीटर के अपने ही विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की उम्मीद के साथ स्टॉकहोम पहुंचे थे।



हालाँकि, ओलंपिक और विश्व चैंपियन को अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा और अंततः छह मीटर की दूरी तय करने में असफल रहने के बाद दूसरे स्थान पर रहे। मार्शल ने अपने तीसरे प्रयास में 5.90 मीटर की दूरी के साथ जीत हासिल की, जबकि डुप्लांटिस छह मीटर या 6.05 मीटर के अंतिम प्रयास में भी सफल नहीं हो सके। रॉयटर्स के अनुसार, डुप्लांटिस ने स्वीडिश ब्रॉडकास्टर एसवीटी को बताया, ÷यह हारने का समय था, यह बहुत लंबा समय था (पिछली बार से)। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि मैंने लगातार 40 जीते हैं, यह काफी बुरा है, लेकिन यह भी बुरा है कि मैं स्टॉकहोम में हार जाता हूं, जो मेरे लिए साल की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है। 26 वर्षीय स्वीडिश खिलाड़ी के लिए प्रतियोगिता की शुरुआत अनिश्चित रही जब वह 5.60 मीटर में अपने शुरुआती प्रयास में विफल रहे। हालाँकि उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में ऊंचाई पार कर ली और आराम से 5.80 मीटर की दूरी तय की, लेकिन बार ऊपर उठने के कारण वह गति बनाने में असमर्थ रहे। निराशा के बावजूद, डुप्लांटिस दार्शनिक बने रहे और संकेत दिया कि उनका ध्यान आंशिक रूप से उनकी आगामी शादी पर रहा होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में बड़ा हादसा....**

निर्देश दिए। गृह मंत्री ने बचाव एवं राहत कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए हैं। गृह मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के अनुसार, घटना की जानकारी मिलते ही वंगलापुडी अनिता दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गईं। साथ ही वह लगातार अधिकारियों के संपर्क में रहकर आवश्यक निर्देश दे रही हैं।

**उज्वला लाभार्थियों को झटका....**

को अब सिलिंडर के लिए 642 रुपये चुकाने होंगे। खनूजा ने बताया कि संशोधित पात्रता उज्ज्वला लाभार्थियों की औसत वार्षिक खपत से मेल खाती है। अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में तेज वृद्धि के कारण यह कदम उठाया गया है। पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ी हैं। इससे घरेलू एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति लागत 1,600 रुपये से अधिक हो गई है। भारत की एलपीजी आयात लागत सऊदी अनुबंध मूल्य से जुड़ी है, जो फरवरी से लगभग 46 फीसदी बढ़ी है। सरकार 2022 से अब तक 52,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दे चुकी है। हालांकि, मूल्य वृद्धि के बावजूद तेल कंपनियों को प्रति 14.2 किलोग्राम सिलिंडर पर करीब 700 रुपये का नुकसान हो रहा है। वे पेट्रोल और डीजल को भी लागत से कम दरों पर बेच रही हैं। उन्हें पेट्रोल पर छह रुपये प्रति लीटर और डीजल पर लगभग 30 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। कुल मिलाकर, तेल कंपनियों को 600-700 करोड़ रुपये का संचयी नुकसान हो रहा है।

**भुवनेश्वर में छत्तीसगढ़ पर्यटन....**

अनुभव को बेहतर करने और छत्तीसगढ़ को देश के उभरते पर्यटन गंतव्यों में स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने ओडिशा के ट्रैवल ट्रेड पार्टनर्स को छत्तीसगढ़ के विभिन्न थीम आधारित पर्यटन सर्किटों और विशेष पर्यटन अनुभवों के प्रचार-प्रसार में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के बीच सहयोग से पर्यटन क्षेत्र में नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने वाली रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। इसके बाद रोड शो सत्र में राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों, निवेश संभावनाओं और नए पर्यटन उत्पादों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इससे पहले आयोजित बी-टू-बी नेटवर्किंग सत्र में ओडिशा के टूर ऑपरेटर्स और छत्तीसगढ़ के पर्यटन हितधारकों के बीच सार्थक संवाद हुआ। इस दौरान भविष्य में संयुक्त पर्यटन पैकेज, व्यवसायिक साझेदारी और पर्यटन प्रचार-प्रसार के विभिन्न अवसरों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित ट्रैवल और हॉस्पिटैलिटी उद्योग के प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ को सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और एडवेंचर पर्यटन के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में रुचि व्यक्त की। आयोजन का समापन नेटवर्किंग डिनर के साथ हुआ, जहां प्रतिभागियों ने पर्यटन क्षेत्र में सहयोग और साझेदारी की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

## आपसी सहमति से बने वयस्क संबंधों को चरित्रहीनता कहना गलत

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि दो अविवाहित वयस्कों के बीच आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंध को, अपने आप में, चरित्रहीनता या नैतिक दुराचार का प्रमाण नहीं माना जा सकता.यह फैसला न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और मनमोहन की पीठ ने सुनाया.

सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी तेलंगाना राज्य स्तरीय पुलिस भर्ती बोर्ड को उस उम्मीदवार की नियुक्ति का निर्देश देते हुए की, जिसका कांस्टेबल के रूप में चयन एक असफल प्रेम संबंध से जुड़े आपराधिक मामले के बाद रद्द कर दिया गया था. पीठ ने कहा, दो अविवाहित वयस्कों के बीच आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंध को, अपने आप में, उस संबंध में शामिल व्यक्ति के चरित्र के बारे में प्रतिकूल धारणा बनाने का आधार नहीं बनाया जा सकता और न ही बनाया जाना चाहिए. पीठ ने आगे कहा कि कोई भी कानून दो अविवाहित वयस्कों को अपनी पसंद का संबंध रखने से नहीं रोकता है. बेंच ने कहा, इसके अलावा, जहां ऐसा संबंध काफी लंबे समय तक, जैसे कि कुछ वर्षों तक चलता है, वहां इस अदालत ने बार-बार एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के खिलाफ इस शिकायत पर शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया है, कि पीड़ित को शादी के झूठे वादे से शारीरिक संबंध में फंसाया गया था, क्योंकि ऐसे मामले में यह अनुमान लगाया जा सकता है कि ऐसा संबंध वैध सहमति पर आधारित है.



पीठ ने उम्मीदवार की अपील स्वीकार करते हुए तेलंगाना उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के उस आदेश को बहाल कर दिया, जिसमें स्टाइपेंडरी कैडेट प्रशिक्षु पुलिस कांस्टेबल के रूप में उनकी नियुक्ति पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया गया था. जज ने कहा, इस मामले में, अपीलकर्ता और पीड़िता पड़ोसी थे और लगभग चार वर्षों से संबंध में थे. हर रिश्ता शादी में तब्दील नहीं होता. इसलिए, केवल इसलिए कि रिश्ता शादी में तब्दील नहीं हुआ, यह मानने का कोई आधार नहीं है कि एक पक्ष ने दूसरे को धोखा दिया है. पीठ ने कहा कि यदि यह समझौता कराने के लिए बल प्रयोग या धमकी देने का मामला होता, तो अनुशासित बल में नियुक्ति के लिए अपीलकर्ता की उपयुक्तता पर निर्णय लेने में प्रतिवादी को न्यायसंगत ठहराया जा सकता था.पीठ ने फिर पूछा कि क्या केवल पुलिस रिपोर्ट में आरोपपत्र, जो वापस लिए गए या आगे नहीं बढ़ाए गए आरोपों पर आधारित है, आरोपी व्यक्ति के चरित्र के बारे में प्रतिकूल राय का आधार बन सकता है?इसमें कहा गया है, आपराधिक न्यायशास्त्र में यह सर्वविदित है कि जब तक किसी आरोप को अदालत में साबित नहीं किया जाता, तब तक निर्दोषता की धारणा बनी रहती है. पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि जहां अपराध सिद्ध हो जाता है, लेकिन आरोपी को किसी तकनीकी कारण से छोड़ दिया जाता है या उसे संदेह का लाभ दिया जाता है, तो नियोक्ता रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री के आधार पर यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि जिस व्यक्ति को संदेह का लाभ या तकनीकी छूट मिली है, वह नियुक्ति के लिए उपयुक्त नहीं है. पीठ ने कहा कि इस मामले में कथित अपराध धोखाधड़ी था. पीठ ने कहा कि धोखाधड़ी के अपराध का एक तत्व झूठा प्रतिनिधित्व/धोखा है. पीठ ने आगे कहा कि क्या पीड़िता को धोखे से संबंध में लाया गया था, यह केवल वही बता सकती थी.

## जयपुर में नूरानी मस्जिद सील, कड़ी सुरक्षा के बीच अतिक्रमण पर एक्शन शुरू; इंटरनेट बंद

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन ने शहर के नंदपुरी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण अभियान के तहत राइट ऑफ वे में आ रही धार्मिक संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में नूरानी मस्जिद को सील कर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया आरंभ की गई। प्रशासन ने इस संवेदनशील कार्रवाई से पहले कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई इलाकों में इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दीं तथा भारी पुलिस बल तैनात किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में फ्लैग मार्च भी निकाला गया। अधिकारियों के अनुसार, मालवीय नगर से जगतपुरा तक जाने वाली मुख्य सड़क के चौड़ीकरण का कार्य लंबे समय से चल रहा है। नंदपुरी अंडरपास के निकट रेलवे लाइन के समानांतर स्थित सड़क की चौड़ाई वर्तमान 25-30 फीट से बढ़ाकर निर्धारित 80 फीट की जा रही है। इस परियोजना के तहत सड़क सीमा में आने वाली कुल पांच धार्मिक संरचनाओं को हटाया जा रहा है, जिनमें एक मस्जिद, दो मंदिर, एक सत्संग हॉल और एक मजार शामिल हैं। प्रशासन का कहना है कि सभी संरचनाएं सड़क के निर्धारित अधिकार क्षेत्र (राइट ऑफ वे) में आ रही हैं, जिसके कारण उन्हें हटाने की कार्रवाई की जा रही है। जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कार्रवाई के दौरान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने या भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अफवाहों से बचने और तथ्यहीन वीडियो या पोस्ट साझा न करने की भी चेतावनी दी। प्रशासन के अनुसार, अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिए 50 से अधिक प्रशासनिक अधिकारियों और 3,000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। वहीं, इस कार्रवाई को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं।

# मूलभूत सुविधाओं पर भारी मदिरालय : चारभांठा में बैंक की आस, शराब दुकान का विकास

**भाजपा की महिला जनप्रतिनिधि द्वारा बैंक खुलवाने के स्थान पर किया गया शराब दुकान का उद्घाटन**

डोंगरगढ़/चारभाठा (दावा)। जब स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में पैर पसार रहे अवैध शराब के कारोबार पर प्रतिबंध लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुआ, तब मजबूरन चारभाठा में ग्रामीणों को सरकारी शराब दुकान की मांग करनी पड़ी थी। परंतु मूल रूप से देखा जाए तो इस सरकारी दुकान के जरिए प्रशासन अपनी ही नाकामी को छुपा रहा है । इसके ठीक विपरीत, केवल एक गांव ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा चक्काजाम कर वर्षों से लंबित बैंक शाखा की मांग को पूरा करने की गुहार लगाई गई थी ।

अब ऐसा प्रतीत होता है कि उस वक्त केवल चक्काजाम को हटवाने के लिए प्रशासन ने 2 महीने का 'हवा-हवाई' वादा कर दिया था, क्योंकि 2 महीने कब के बीत चुके हैं और नियमानुसार आज तक बैंक खुल जाना चाहिए था । सीधे तौर पर यह सरकार और प्रशासन की घोर विफलता है, जिसके कारण अन्नदाता किसान आज भी उपेक्षित हो रहे हैं।

ग्रामीणों की मांग है कि 'साहब' अपने बंद एसी कमरों से बाहर निकलकर फील्ड पर मुआयना करें कि एक किसान को बैंक न होने से कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि बैंक उनकी मूलभूत और अनिवार्य जरूरत है।




भाजपा की महिला जनप्रतिनिधि द्वारा बैंक खुलवाने के स्थान पर किया शराब दुकान का उद्घाटन

भाजपा की महिला जनप्रतिनिधि व क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य अनीता मांडवी से ग्रामीणों को आस थी की वह चारभाठा में बैंक खुलवाने की दिशा में सक्रियता से कार्य करेगी। किंतु उन्होंने सक्रियता के साथ क्षेत्र में शराब दुकान खुलवाकर पूर्ण समर्थन के साथ उसका उद्घाटन भी किया। जो भाजपा की कथनी और करनी में अंतर दिखलाता है। प्रशासनिक तत्परता से शराब दुकान खुलने के बाद मदिराप्रेमियों में भले ही हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया हो, लेकिन क्षेत्र के कुछ विशेष प्रबुद्धजीवियों और राजनीतिक विश्लेषक का गहरा विश्लेषण सामने आया है। प्रबुद्धजीवियों का कहना है कि जो बीजेपी संगठन अपने कड़े अनुशासन और सिद्धांतों के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है, वह भला अपनी पार्टी के एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि को शराब दुकान की ओपनिंग में शामिल होने की अनुमति कैसे दे सकता है? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस उद्घाटन समारोह में बीजेपी नेता और जिला पंचायत सदस्य अनीता मंडावी की अतिथि के रूप में सक्रिय भागीदारी से स्थानीय महिलाओं, बच्चों और आम जनता के बीच जनप्रतिनिधि की छवि धूमिल जरूर हुई है । यह गंभीर विरोधाभास लोगों को यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या सत्ताधारी पार्टी के पास बैंक और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत जनसुविधाओं के फीता काटने का अवसर नहीं है, जो वे विकास कार्यों के बजाय शराब दुकान का फीता काट रहे हैं? बुद्धिजीवियों के अनुसार, शराब भले ही कोई भी व्यक्ति अपनी मर्जी से लेता हो, पर शराब दुकान के इस तरह सार्वजनिक ओपनिंग में बीजेपी जैसी अनुशासित पार्टी के बड़े नेता का शामिल होना समाज में शराब के पक्ष में प्रचार करने जैसा ही है।

अब पूरे क्षेत्र की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या सरकार और प्रशासन का ध्यान केवल शराब दुकान खोलने तक ही सीमित रहेगा, या वे वर्षों से लंबित और बेहद जरूरी बैंक शाखा की मांग की पूर्ति भी करेंगे।

### बैंक खुलवाने आंदोलन के मूड में ग्रामीण

वर्तमान में पूरा क्षेत्र बैंक की आस में टकटकी लगाए बैठा है और ग्रामीण इलाकों में फिर से उग्र आंदोलन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन को स्पष्ट शब्दों में आगाह कर दिया है कि यदि उनकी जायज मांग तत्काल पूरी नहीं की गई, तो वे वापस से बड़ा चक्काजाम करने को विवश होंगे। ग्रामीणों ने दो टूक कहा है कि जब तक चारभांठा की धरातल पर बैंक स्थापना का वास्तविक कार्य शुरू नहीं हो जाता, तब तक वे अपने हक के लिए सड़क से सदन तक की लड़ाई जारी रखेंगे।

# सुशासन तिहार : पक्के मकान की चाबी पाकर गदगद हुई महिलाएं



खैरागढ़ (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में एक वृहद जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। विक्रान्त सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों से जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों के आला अधिकारी स्वयं गांव तक पहुंचे हैं और ऑन-द-स्पॉट समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। जिस पर श्री सिंह ने गहरा संतोष व्यक्त किया। शिविर को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम के बावजूद अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और सीधे योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। जो कि बेहद सराहनीय है।

# घुमका नगर पंचायत में मिला मिला-जुला जनादेश, कांग्रेस को अध्यक्ष तो भाजपा को पार्षदों का मजबूत समर्थन -देवशरण सेन



राजनांदगांव (दावा)। जिले की घुमका नगर पंचायत चुनाव के नतीजों को लेकर भाजपा नेता देवशरण सेन ने कहा कि यह जनादेश किसी एक दल के पक्ष में एकतरफा नहीं है बल्कि जनता ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर अपना विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जहां जनता ने कांग्रेस को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है वहीं भाजपा को 10 पार्षदों के रूप में मजबूत जनसमर्थन देकर नगर पंचायत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर प्रदान किया है।

**जनता ने दोनों प्रमुख दलों पर जताया भरोसा, भाजपा के 10 पार्षदों की जीत संगठन और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम**

घुमका नगर पंचायत चुनाव परिणाम को लेकर भाजपा नेता देवशरण सेन ने कहा है कि चुनाव के नतीजों को एकतरफा जनादेश के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। जनता ने अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अध्यक्ष पद पर विजय दिलाकर जनता ने नगर पंचायत की बागडोर सौंपी है वहीं भाजपा को 10 पार्षदों के रूप में मजबूत प्रतिनिधित्व देकर विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान किया है। श्री सेन ने कहा कि घुमका नगर पंचायत में भाजपा की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा ने बेहद कम समय में जनता के बीच अपनी पहचान बनाई और विश्वास अर्जित करने में सफलता प्राप्त की। चुनाव परिणाम भले ही भाजपा की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा हो लेकिन जिस प्रकार उन्होंने सीमित समय में जनसंपर्क किया और लोगों का समर्थन हासिल किया, वह भविष्य की राजनीति के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने भाजपा के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ चुनाव में मेहनत की। इसी मेहनत और जनसंपर्क का परिणाम है कि भाजपा के 10 पार्षद विजयी होकर नगर पंचायत में पहुंचे हैं। यह जीत भाजपा संगठन की मजबूती और जनता के बीच पार्टी की स्वीकार्यता को दर्शाती है।

# इकरा फाउंडेशन ने जरूरतमंद बच्चों को दी नि:शुल्क पाठ्य सामग्री

गंडई पंडरिया (दावा)। बीते 8 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर बेहतर काम कर रही संस्था इकरा फाउंडेशन ने रविवार 7 जून को केसीजी जिले के गंडई व नर्मदा में समाज के तकरीबन 40 जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान स्कूल बैग व पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठें। गौरतलब है कि बीते 8 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में विशेषकर छात्रों के हित में उल्लेखनीय योगदान देकर मिसाल कायम कर रही संगीत नगरी खैरागढ़ की सेवाभावी संस्था इकरा फाउंडेशन ने रविवार की सुबह 10 बजे गंडई व नर्मदा के समाज के कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक अध्ययनरत जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री व स्कूल बैग का वितरण किया।



गंडई व नर्मदा के तकरीबन 40 बच्चों को किया वितरण, स्कूल बैग व पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठें

इस अवसर पर इकरा फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य एवं खैरागढ़ नगर पालिका उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, संस्थापक सदस्य सैय्यद जाकिर अली, इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी, वरिष्ठ सदस्य फारुख मेमन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी रिज़वान मेमन, कोषाध्यक्ष शमशुल होदा खान, सचिव मो. याहिया नियाज़ी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रियाजुद्दीन कादरी व वरिष्ठ सदस्य जुनैद खान सहित गंडई मुस्लिम जमात से सदर पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष जावेद खान, वरिष्ठ सदस्य अय्यूब कुरैशी, शेख कलीम, यावर नियाज़ी, मो. सिराज खान व नर्मदा से अधिवक्ता गज़ाला निशा उपस्थित रही।

बच्चों की खिदमत व बेहतर भविष्य के लिये रब ने इकरा फाउंडेशन को जरिया बनाकर भेजा-खलील कुरैशी इस अवसर पर इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी ने कहा कि आप बच्चों की खिदमत और बेहतर भविष्य के लिये रब ने इकरा फाउंडेशन को एक जरिया बनाकर भेजा है, आप लोग अच्छे से पढ़कर खूब तरक्की करें यही तमन्ना है. उन्होंने कहा कि हर साल गंडई के बच्चों का परीक्षा परिणाम बेहतर आता है जो बहुत ही खुशी की बात है।

समाज के बच्चे ईमानदारी से पढ़ाई कर गुरु, मां बाप, समाज व देश का नाम रौशन करें-फारुख मेमन वरिष्ठ सदस्य फारुख मेमन ने कहा कि इकरा फाउंडेशन की बुनियाद कुरान की आयत इकरा से जुड़ी हुई है और इसका मतलब शिक्षा है और इकरा फाउंडेशन का उद्देश्य है कि समाज के बच्चे ईमानदारी से पढ़ाई कर अपने गुरुओं, मां बाप, समाज और देश का नाम रौशन करें। समाज के होनहार व जरूरतमंद बच्चों के बेहतर भविष्य एवं शिक्षा के लिये इकरा बेहतर काम कर रही- अय्यूब गंडई मुस्लिम जमात के वरिष्ठ सदस्य अय्यूब कुरैशी ने कहा कि इकरा फाउंडेशन खैरागढ़ की टीम बीते कई वर्षों से समाज के होनहार और हर जरूरतमंद बच्चों के बेहतर भविष्य और उनकी शिक्षा के लिये बेहतर काम कर रही है। इकरा फाउंडेशन बहुत ही नेक सोच के साथ बच्चों के हित में काम कर रही-जावेद खान सदर जावेद खान ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के लिये इकरा फाउंडेशन की टीम बहुत ही नेक सोच के साथ काम कर रही है जिसकी जितनी तारीफ़ की जाएं वो कम पड़ेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी बच्चे ईमानदारी से पढ़कर अपने परिवार, समाज व देश के काम आयेंगे ये पूरी उम्मीद है। कार्यक्रम का संचालन शमशुल होदा खान व आभार प्रदर्शन जावेद खान ने किया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में इकरा फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य शेख कलीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे व उनके पालक भी मौजूद रहे।

# पौधारोपण कर हायर सेकेंडरी विद्यालय तिलईरवार में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 5 जून को विद्यालय में पौधारोपण कर उसकी सुरक्षा हेतु शपथ लेकर विश्व पर्यावरण दिवस बड़े ही जागरूकता के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की तैल चित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का स्मरण कराता है।यह दिन हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लेने और दूसरों को भी प्रेरित करने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी एवं विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में बताया कि मानव जीवन और पर्यावरण का संबंध अत्यंत घनिष्ठ है।पर्यावरण ही हमें जीवन के लिए आवश्यक वायु, जल, भोजन, ऊर्जा तथा अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रदान करता है।

पृथ्वी पर जीवन की निरंतरता और समृद्धि पर्यावरण के संतुलन पर निर्भर करती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उसकी सुरक्षा हेतु शपथ दिलाया गया। इसी कड़ी में असीम कुमार यदु व्याख्याता ने बताया कि यदि हम प्रकृति की पर्यावरण की रक्षा करेंगे तो प्रकृति भी हमारी रक्षा करेगी। हम पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा भी जिसमें वैशाली, कनिका, बबीता, संध्या मेनका, रोहिणी, रविशंकर, निखिल आदि के द्वारा पर्यावरण पर अपनें अपनें विचार रखे गए एवं निबंध, कविता, पेंटिंग बनाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिए गए। तत्पश्चात विद्यालय में स्टॉफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर गुलमोहर एवं आम का पौधारोपण किया गया और उनकी सुरक्षा हेतु सभी ने शपथ लिया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, असीम कुमार यदु, सरोज भुआर्य, थंगेश्वर कुमार साहू, पालक राम वर्मा, नोहर दास लिलहारे, राजेश कुमार नेताम आदि सभी की उपस्थिति एवं सहभागिता रही।

# जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही कठिनाइयों से राज्यपाल को कराया अवगत - भीम मानव कल्याण संगठन द्वारा

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक गणों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को लेकर भीम मानव कल्याण संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर बोरकर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में सौजन्य मुलाकात की और एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश में निवासरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिकगणों के लिए (सामाजिक प्रास्थिति का प्रमाणिकरण विनियमन) अधिनियम, 2013 के तहत राज्य में जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को बेहद सरल और सुलभ किया गया था, जिसमें 2013 के अधिनियम के तहत राज्य में 1950 और 1984 के दस्तावेजों की अनिवार्यता को खत्म कर ग्राम सभा व नगरीय निकायों के प्रस्ताव के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी करने का स्पष्ट प्रावधान है।



नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उचित कार्रवाई करने राज्यपाल ने दिया आश्वासन

अधिनियम के मुख्य प्रावधान में एससी, एसटी वर्ग के लिए जाति प्रमाण पत्र के लिए 1950 के दस्तावेजों की अनिवार्यता को पूरी तरह समाप्त किया गया। ओबीसी वर्ग के प्रमाण पत्र के लिए 1984 के पुराने दस्तावेजों की अनिवार्यता को खत्म किया गया। यदि किसी के पास पुराने दस्तावेज नहीं हैं, तो ग्राम सभा और नगरीय निकायों के प्रस्ताव (पंचनामा सत्यापन) के आधार पर ही जाति प्रमाण पत्र जारी करने का स्पष्ट कानूनी प्रावधान किया गया। इसके बावजूद, वर्तमान में फील्ड पर तैनात प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शासन के इन नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है, जिससे विभिन्न समाज के जरूरतमंद लोग परेशान हो रहे हैं।संबंधित संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस सामाजिक अन्याय को रोकने के लिए वे लंबे समय से जमीनी स्तर पर प्रयासरत हैं। इस संबंध में स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी, कलेक्टर सहित शासन के अनुसूचित जाति विकास मंत्री खुशवंत साहेब को भी पत्र सौंपकर नियमों का पालन कराने का आग्रह किया जा चुका है। अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण ही अब संगठन को सीधे राज्यपाल की शरण में आना पड़ा है।

राज्यपाल श्री रेमन डेका ने मानव भीम सेना संगठन की सभी बातों और पहलुओं को बेहद ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे जल्द ही उच्च अधिकारियों को इस विषय पर निर्देशित करेंगे, ताकि शासन के नियमों के अनुरूप आरक्षित वर्ग के लोगों को बिना किसी प्रताड़ना के जाति प्रमाण पत्र जारी किए जा सकें।

# जिला शिक्षा अधिकारी कुंभकरण की नींद में, मनमानी पर उतरे निजी स्कूल



डोंगरगांव (दावा)। जिले में निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली को लेकर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि जिला शिक्षा विभाग की उदासीनता और निरीक्षण के अभाव में जिले के अनेक निजी स्कूल शासन के नियमों और मापदंडों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे हैं, इससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में भारी नाराजगी है.

श्री साहू ने जिले की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि राजनांदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ में निजी स्कूलों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है. शिक्षा, जिसे समाज में मंदिर का दर्जा दिया जाता है, आज कई स्थानों पर व्यवसाय का रूप लेती नजर आ रही है. शिक्षा विभाग की निष्क्रियता और नियंत्रण के अभाव में निजी स्कूल संचालकों की मनमानी चरम पर पहुंच गई है. श्री साहू ने आरोप लगाया कि जिला

**बच्चों और पालकों में बढ़ा आक्रोश- मदन साहू**
**नियम-कायदों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां**
**16 जून से पहले निजी स्कूलों की जांच की मांग**

शिक्षा अधिकारी की निष्क्रियता के कारण शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अनेक निजी स्कूल बिना आवश्यक सुविधाओं और शासन के निर्धारित मापदंडों के संचालित हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों को मान्यता तो प्रदान कर दी जाती है लेकिन यह देखने की जहमत नहीं उठाई जाती कि वे निर्धारित नियमों का पालन कर भी रहे हैं या नहीं. उन्होंने बताया कि जिले के कई निजी स्कूलों में पर्याप्त खिड़कियां, दरवाजे, वेंटिलेशन, पंखे, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और साइकिल स्टैंड जैसी मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं. कई स्कूल ऐसे भवनों में संचालित हो रहे हैं, जो मूल रूप से आवासीय उपयोग के लिए बनाए गए थे. बच्चों के खेलने के लिए मैदान तक नहीं है और छात्र-छात्राओं को आवश्यक सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है.

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर जिला शिक्षा विभाग किस आधार पर ऐसे स्कूलों को मान्यता प्रदान करता है? यदि शिक्षा विभाग गंभीरता से जिलेभर के निजी स्कूलों का औचक निरीक्षण करे तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं और अनेक स्कूलों की मान्यता तक खतरे में पड़ सकती है. उन्होंने कहा कि 16 जून से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है लेकिन शिक्षा विभाग अब तक गहरी नींद में सोया हुआ है. स्कूलों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने और विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा सुविधाओं का जायजा लेने के लिए विभाग के पास समय नहीं है. वहीं सरकार भी इस गंभीर विषय पर अपेक्षित ध्यान नहीं दे रही है. श्री साहू ने निजी स्कूलों द्वारा फीस, ड्रेस और किताबों के नाम पर अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ का भी मुद्दा उठाया. उन्होंने बताया कि कई स्कूल अपनी मनमर्जी से शुल्क वसूल रहे हैं जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने प्रदेश के शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है. केवल भूमिपूजन, उद्घाटन और औपचारिक कार्यक्रमों से शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं होगा. यदि समय रहते निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश नहीं लगाया गया तो शिक्षा का मंदिर पूरी तरह व्यवसाय का केंद्र बनकर रह जाएगा. श्री साहू ने मांग की है कि नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले जिले के सभी निजी स्कूलों की व्यापक जांच कराई जाए तथा जिन संस्थानों में नियमों का उल्लंघन पाया जाए, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निजी स्कूलों की नियमित निगरानी एवं कड़ी कार्रवाई समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है.

# सुशासन तिहार : ग्राम पंचायत बेलरगोंदी में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलरगोंदी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।




शिविर में बेलरगोंदी क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलरगोंदी, आतरगांव, बागद्वार, बादराटोला, बैरागीभेड़ी, भोलापुर, बिटाल, धरमूटोला, गहिराभेड़ी, घुपसाल छु., हैदलकोड़ो, लक्ष्मणभरदा, मातेखेड़ा, मासूल, पाण्डेटोला, पदगुड़ा, साल्हेटोला, सीताकसा एवं खुर्सीपार कुल 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों से मांग एवं शिकायतों से संबंधित कुल 1386 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें मांग से संबंधित 1376 आवेदन एवं शिकायत से संबंधित 11 आवेदन शामिल थे। शिविर में निराकरण योग्य प्रकरणों का तत्काल समाधान किया गया।

शिविर में शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अभिनंदन पत्र, नवीन राशन कार्ड, स्वसहायता समूहों को ऋण चेक, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वच्छता सामग्री किट तथा मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम आयोजित कर सुपोषण किट प्रदान की गई। साथ ही नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। शिविर के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस के के अवसर पर ग्राम बेलरगोंदी में नाले में बोरी बंधान तथा शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। शिविर में पंचायत, राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, विद्युत, जल संसाधन तथा महिला एवं बाल विकास सहित सभी प्रमुख विभागों की सक्रिय सहभागिता रही। विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

# छत्तीसगढ़ के लगभग 600 बिल्डर्स को नोटिस, रहवासियों के अधिकारों को लेकर RERA का बड़ा कदम

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने प्रदेशभर के करीब 600 बिल्डरों और कॉलोनाइजरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की है। आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाएं पूरी होने के बाद भी स्थानीय रहवासियों और आबंटितियों की समिति को प्रबंधन हस्तांतरित नहीं करने पर रेरा ने 595 बिल्डरों को नोटिस जारी किया है। इन बिल्डरों में रायपुर के अविनाश ग्रुप, वालफोर्ट, सिंघानिया बिल्डकॉन समेत कई बड़े और चर्चित बिल्डर शामिल हैं। रेरा ने निजी बिल्डरों के साथ-साथ हाउसिंग बोर्ड और नगर निगम को भी नोटिस भेजा है।



### 989 परियोजनाएं रेरा के रडार पर

रेरा के अनुसार रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा समेत प्रदेश के कई जिलों की कुल 989 आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं को नोटिस जारी किया गया है। ये वे परियोजनाएं हैं, जिन्हें नगर निगम से पूर्णता प्रमाण पत्र मिल चुका है, लेकिन अब तक कॉलोनी या प्रोजेक्ट का प्रबंधन आबंटितियों की समिति या संघ को नहीं सौंपा गया।

### क्या कहते हैं रेरा के नियम?

रेरा अधिनियम के तहत किसी भी आवासीय या व्यावसायिक परियोजना के पूर्ण होने के बाद बिल्डर को सामान्य क्षेत्र, सुविधाएं और प्रबंधन का हस्तांतरण रहवासियों की समिति अथवा संघ को करना अनिवार्य होता है। इसके लिए नगर निगम से पूर्णता प्रमाण पत्र लेना जरूरी है। इसके बाद कॉलोनी या अपार्टमेंट का रखरखाव और प्रबंधन संबंधित समिति को सौंपा जाना चाहिए। लेकिन कई बिल्डर नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ बड़े बिल्डर अब भी स्वयं रखरखाव शुल्क (मेंटेनेंस चार्ज) वसूल रहे हैं।

### समिति गठन नहीं कराने का भी आरोप

रेरा ने कहा कि कई मामलों में परियोजना पूरी होने के बाद भी प्रवर्तकों ने आबंटितियों की समिति या संघ का गठन सुनिश्चित नहीं किया। साथ ही सामान्य क्षेत्रों, सुविधाओं और जरूरी अभिलेखों का विधिवत हस्तांतरण भी नहीं किया गया। यह कार्रवाई भू-संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 11(4)(ई) और धारा 17 के तहत की गई है।

### कई बड़े बिल्डर शामिल

जिन प्रमुख बिल्डरों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें श्री बिल्डकॉन, श्रीकृष्णा वाटिका महादेव घाट, सुमीत इंफ्रा रायपुर, श्री विश्व भारती रायपुर, पारस बिल्डकॉन, संसार बिल्डकॉन, संकल्प बिल्डकॉन, साईनाथ बिल्डकॉन, नीलम होम्स, दीपक रहेजा सहित रायपुर, भिलाई-दुर्ग, राजनांदगांव और अन्य शहरों के कई बड़े बिल्डर शामिल हैं।

### आबंटितियों की भी जिम्मेदारी तय

रेरा ने यह भी स्पष्ट किया है कि अधिनियम के तहत केवल बिल्डरों की ही नहीं, बल्कि आबंटितियों की भी जिम्मेदारियां तय की गई हैं। धारा 19(9) के अनुसार प्रत्येक आबंटी का दायित्व है कि वह आबंटितियों की समिति, संघ अथवा सहकारी समिति के गठन में सक्रिय सहयोग करे।

### 15 दिन में मांगा जवाब

रेरा ने संबंधित बिल्डरों और कॉलोनाइजरों को 15 दिनों के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यदि तय समय सीमा के भीतर जवाब नहीं दिया गया या संतोषजनक उत्तर नहीं मिला, तो उनके खिलाफ अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सुशासन शिविर जनता की समस्या के निराकरण के लिए है, विरोध प्रदर्शन करने वाले अपना तम्बू स्वयं लगाए - मधुसूदन

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के विभिन्न स्थानों में लगाए जा रहे सुशासन तिहार शिविर के दौरान कांग्रेस नेताओं द्वारा किए जा रहे प्रायोजित विरोध पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद व राजनांदगांव नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा है कि,स्पष्ट विचार, साफ राजनीति,कांग्रेस को करनी है तो वे अपना स्वयं तम्बू लगाकर करें।दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय अपना काम करें।जनता ने हमें सेवा के लिए चुना है, विरोध के लिए नहीं। हमारा लक्ष्य-विकास, संकल्प-सुशासन और सेवा है। और विकास ही हमारा संकल्प,जनसेवा ही हमारा धर्म है। प्रदेश की जनता को विश्वास है कि,भाजपा है तो विकास है। उक्ताशय के विचार, ग्राम पंचायत सिवनी कला के युवा सरपंच योगेश संचेती के निमंत्रण पर सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे महापौर मधुसूदन यादव द्वारा अपने संबोधन में व्यक्त किए गए। जिसका पुरजोर समर्थन उपस्थित जनसमुदाय द्वारा किया गया।



सिवनीकला में सुशासन तिहार : 85 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सिवनीकला में सोमवार को क्लस्टर स्तरीय सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। 13 ग्राम पंचायतों के इस संयुक्त शिविर में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान लगभग 85 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया गया।

सिवनीकला में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव तथा प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य लता सिन्हा, हिरा वर्मा, ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच योगेश संचेती,नगर निगम के पार्षद सावन वर्मा, मनोहर यादव जैन मेश्राम, अनिल सिन्हा, मनीष सोनी, फागु वर्मा, नर्सिंग वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रशासनिक अमले की भी सक्रिय भागीदारी रही। एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार और जनपद पंचायत के सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई।

### 85 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिवनीकला में करीब 85 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण किया गया। मधुसूदन यादव ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल संरक्षण की दिशा मे और पर्यावरण रक्षा की दिशा मे हर घर एक पेड़ लगाने की अपील आम जनता से किये, विकास कार्यों की श्रृंखला को देख क़र सिवनी सरपंच योगेश संचेती की तारीफ किये। सुशासन तिहार शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और विभिन्न योजनाओं से संबंधित समस्याओं एवं मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। जनप्रतिनिधियों ने इसे शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बताया।

# रिसार्टों एवं ढाबों पर पुलिस की छापेमारी में दुर्ग के 14 युवक पकड़ाये

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के रिसोर्ट व ढाबों पर अचानक छापामारी करते हुए सार्वजनिक स्थान में शराब खोरी करने वाले 14 लोगों को धर दबोचा है वहीं शराब सेवन करने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले ढाबा संचालक पर कार्यवाही की है।



सार्वजनिक स्थान में शराब सेवन करने वाले धरे गए

सोमनी थाना प्रभारी दिलीप पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु नशे के खिलाफ सतत अभियान चलाया जा रहा है। इस के तहत उनके नेतृत्व में सोमनी पुलिस की टीम गठित कर बीती रात्रि मनगटा व झूराडबरी क्षेत्र अंतर्गत स्थित रिसॉर्ट में औचक छापेमारी कार्यवाही किया गया।

कार्यवाही द्वारा ग्राम झूराडबरी मेपल रिसॉर्ट के पास आम जगह में शराब पी रहे केतन यादव पिता श्रवण यादव उम्र 29 साल निवासी टंकी मरौदा बलभोला चैक वार्ड नं. 14 थाना नेवई भिलाई जिला दुर्ग,. रवि सेन पिता ईश्वर सेन उम्र 25 साल निवासी आजाद पारा मडौदा टंकी वार्ड न 13 थाना नेवई जिला दुर्ग, दीपक निषाद पिता सूरज निषाद उम्र 25 साल निवासी टंकी मडौदा थाना नेवई जिला दुर्ग, ललित यादव पिता दिलहरण लाल यादव उम्र 27 साल निवासी नेवई बस्ती शास. स्कूल के पास थाना नेवई जिला दुर्ग, मुकेश ठाकुर पिता स्व. भागीराम उम्र 26 साल निवासी टंकी मडौदा वार्ड न0 04 थाना नेवई जिला दुर्ग, गणेश यादव पिता दशरथ यादव उम्र 33 साल निवासी नंदी चौक नेवई जिला दुर्ग, सूरज यादव पिता पुनित यादव उम्र 33 साल निवासी रिसाली सेक्टर दुर्गा मंच के पास थाना नेवई जिला दुर्ग ,भीम प्रसाद सिंग पिता तिलक प्रसाद सिंग उम्र 26 साल निवासी टंकी मरौदा थाना नेवई जिला दुर्ग, वैभव यादव पिता सीताराम यादव उम्र उम्र 26 साल रिसाली भाठा शीतला मंदिर के पास थाना नेवई जिला दुर्ग ,महेन्द्र यादव पिता खेदूराम यादव उम्र 33 साल निवासी टंकी मडौदा बजरंग चौक थाना नेवई जिला दुर्ग , विक्की यादव पिता बीरसिंग यादव उम्र 31 साल निवासी वार्ड न0 33 साल गोवर्धन चैक नेवई थाना नेवई जिला दुर्ग व ध्रुव निर्मलकर पिता राजकुमार उम्र 19 साल निवासी मडौदा टेंक थाना नेवई दुर्ग तथा अनुराम सोनकर पिता लालजी उम्र 20 साल सेक्टर 04 सडक 13 ब्लाक 2 थाना भिलाई थाना भटठी जिला दुर्ग विरूद्ध 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

### ढाबा संचालक के खिलाफ की गई कार्रवाई

इस तारतम्य में ढाबा चेकिंग के दौरान ग्राम देवादा शेरे पंजाब ढाबा के संचालक कुलदीप सिंग पिता स्व. अजीत सिंग उम्र 54 साल निवासी शेरे पंजाब ढाबा देवादा द्वारा अपने ढाबा शराब सेवन करने की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर धारा 36(सी) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया तथा हमारा ढाबा देवादा के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले अश्वनी चंद्राकर पिता राम अवतार उम्र 24 साल निवासी शिव मंदिर पारा गिरधारी नगर थाना मोहन नगर जिला दुर्ग छ.ग. के विरूद्ध 36(च) आब0 एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

## आज प.पू.गो. श्री 108 श्री वल्लभाचार्य जी महाराज के सानिध्य में बालकृष्ण हवेली में 'फूल मंडली महोत्सव'

राजनांदगांव (दावा)। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री बालकृष्ण हवेली, जी.ई. रोड, राजनांदगांव में आज 9 जून 2026 को 'फूल मंडली महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जाएगा।



पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार यह अलौकिक उत्सव जगतगुरु शुद्धाद्वैत वैष्णवाचार्य पंचम पीठाधीश्वर, श्री छट्ठी जी बैठक चम्पारण के गादीपति प.पू. गो. श्री 108 श्री वल्लभाचार्य जी महाराज श्री के मंगल सान्निध्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम अपरान्ह 4 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर श्री ठाकोर जी के सुखार्थ अलौकिक उत्सव मनाया जाएगा एवं पूज्य महाराज श्री के मुखारविंद से वचनामृत का लाभ भी प्राप्त होगा। लोहाणा समाज के पूर्व अध्यक्ष दीपक बुद्धदेव ने पुष्टिमार्गीय समस्त गुजराती व महेश्वरी समाज सहित सभी भाविक वैष्णवों से सादर अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर दर्शन एवं वचनामृत का लाभ लें और धर्मलाभ प्राप्त करें।

# थानों के आरक्षक व प्रधान आरक्षक हुए इधर से उधर

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर शहर सहित जिले भर की पुलिस व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से विभिन्न थानों में पदस्थ रहे प्रधान आरक्षको व आरक्षकों का तबादला किया गया है।

इस क्रम में थाना डोंगरगढ़ में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक मुजीबुर्रहमान कुरैशी को शहर के सिटी कोतवाली थाने में भेजा गया है। इसी तरह चौकी चिखली के प्रधान आरक्षक सुरेंद्र रामटेके को भी सिटी कोतवाली थाने लाया गया है। थाना छुरिया में पदस्थ आरक्षक देवी लाल साहू रक्षित केंद्र राजनांदगांव, डीआरजी राजनांदगांव के आरक्षक हरिश चंद्र ध्रुव को थाना सोमनी व डीआरजी के आरक्षक प्रमोद कौशिक व आरक्षक खिलेश्वर सिदार को थाना बसंतपुर, रक्षित केंद्र राजनांदगांव में पदस्थ आरक्षक मोहित साहू ने लालबाग थाना से संबद्ध स्टेनो शाखा व सायबर थाना में पदस्थ आरक्षक अमित सोनी को कोठीटोला कैम्प में भेजा गया है।

# छत्तीसगढ़ में आरआई भर्ती परीक्षा पर सुप्रीम कोर्ट की भी मुहर, एसएलपी खारिज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में पटवारियों से राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति के लिए आयोजित विवादित विभागीय परीक्षा मामले में सफल अभ्यर्थियों को लगातार तीसरा न्यायिक झटका लगा है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की सिंगल बेंच और उसके बाद डिवीजन बेंच से राहत नहीं मिलने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने भी हस्तक्षेप से इंकार करते हुए विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) खारिज कर दी है।



छत्तीसगढ़ में पटवारियों से राजस्व निरीक्षक (आरआई) पद पर पदोन्नति के लिए आयोजित विवादित विभागीय परीक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने धनंजय सिंह व अन्य की एसएलपी खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव एचदेवा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 25 सितंबर 2023 को परीक्षा का विज्ञापन जारी किया था। 7 जनवरी 2024 को हुई परीक्षा में 216 अभ्यर्थी सफल हुए थे। परिणाम के बाद अनियमितताओं और पक्षपात के आरोप सामने आए, जिसकी जांच उच्चस्तरीय समिति ने की। इसके बाद सफल अभ्यर्थियों ने प्रशिक्षण पर भेजने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की थीं, जिन्हें अंततः सभी न्यायिक स्तरों पर खारिज कर दिया गया। राजस्व निरीक्षक पदोन्नति परीक्षा मामले में न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने 2 जनवरी 2026 को याचिकाएं खारिज करते हुए चयन प्रक्रिया को दूषित और संदेहास्पद माना था। कोर्ट ने ओएमआर शीट पर मोबाइल नंबर लिखवाने, प्रश्नपत्रों की संख्या बढ़ाने, सगे-संबंधियों को क्रमवार रोल नंबर आवंटित करने तथा सिलेबस से बाहर प्रश्न पूछे जाने जैसी अनियमितताओं को गंभीर माना। अदालत ने कहा था कि चयन प्रक्रिया में पक्षपात और भाई-भतीजावाद के स्पष्ट संकेत हैं, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित हुई है। बाद में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने भी 10 अप्रैल 2026 को अपील खारिज कर सिंगल बेंच के फैसले को सही ठहराया। हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने पर धनंजय सिंह व अन्य ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अमन पांडेय, मयंक मिश्रा (एओआर) और राहुल अंबस्त ने पक्ष रखा। कोर्ट ने कहा कि 'हम उच्च न्यायालय के विवादित निर्णय एवं आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। विशेष अनुमति याचिकाएं खारिज की जाती हैं। लंबित सभी आवेदन भी निस्तारित किए जाते हैं।'

# CGMSC का नया कारनामा : बिना बजट स्वीकृति के खरीद डाली 120 करोड़ की दवाएं

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सरकारी स्तर पर दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की सप्लाई करने वाली नोडल एजेंसी, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) एक बार फिर बड़े विवादों में घिर गई है। इस बार मामला बिना किसी बजटीय मंजूरी के लगभग 120 करोड़ रुपये की दवाएं, रिएजेंट और महंगे चिकित्सा उपकरणों की मनमानी खरीदी से जुड़ा हुआ है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) से मिली जानकारी के बाद स्वास्थ्य विभाग और दवा कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है।



वित्तीय अनियमितता पर उठे सवाल

### चेतावनी की गई नजरअदांज

हैरानी की बात यह है कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीएचएस) और संचालक चिकित्सा शिक्षा (डीएमई) की ओर से चालू वित्तीय वर्ष में इस खरीदी के लिए कोई बजट स्वीकृत नहीं किया गया था।

वित्त विभाग ने भी बिना बजटीय प्रावधान के इस तरह की बड़ी खरीद प्रक्रिया पर पहले ही कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन निगम के अधिकारियों ने इन चेतावनियों को दरकिनार करते हुए खरीद जारी रखी। आरटीआइ के दस्तावेजों के अनुसार, इस राशि में से करीब 89 करोड़ रुपये सिर्फ दवाओं और लैब रिएजेंट की खरीदी पर खर्च किए गए, जबकि शेष राशि से अन्य चिकित्सा उपकरण खरीदे गए।

### धूल खा रही दवाएं, अस्पतालों में किल्लत

सूत्रों का दावा है कि इस जल्दबाजी में खरीदी गई दवाओं में से लगभग 30 प्रतिशत दवाएं आज भी निगम के केंद्रीय गोदामों में धूल खा रही हैं और उनका वितरण अस्पतालों में नहीं हो सका है। इस प्रशासनिक मनमानी का सीधा और सबसे बुरा असर राज्य के ग्रामीण और छोटे स्वास्थ्य केंद्रों पर देखने को मिल रहा है। दवा कारोबारियों और सप्लायरों का आरोप है कि पिछले एक साल से उनका करोड़ों रुपये का भुगतान निगम के पास लंबित है। भुगतान न मिलने के कारण सप्लायरों ने अब नई दवाओं की खेप भेजने से हाथ खड़े कर दिए हैं। नतीजा यह है कि जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दर्द निवारक, एंटीबायोटिक और जीवन रक्षक दवाओं तक का भारी संकट पैदा हो गया है और गरीब मरीजों को दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं।

### फीफो भुगतान व्यवस्था पर सवाल

इसके अलावा, सीजीएमएससी में लागू 'फर्स्ट इन फर्स्ट आउट' (फीफो) भुगतान व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस नियम के तहत जिन सप्लायरों के बिल पहले आते हैं, उनका भुगतान पहले किया जाना चाहिए। लेकिन आरोप है कि पुराने और ईमानदार सप्लायरों को कतार में रखकर कुछ चुनिंदा और रसूखदार कारोबारियों को नियमों को ताक पर रखकर प्राथमिकता से भुगतान किया जा रहा है। इस पक्षपातपूर्ण रवैये से निगम की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और ईमानदारी पूरी तरह सवालों के घेरे में आ गई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर स्काउट गाइड रोवर रेंजर दल द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण दिया गया संदेश

राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा जिला स्काउट गाइड भवन स्टेट स्कूल परिसर राजनांदगांव में पौधरोपण कर पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोल्छा, जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, आजीवन सदस्य उत्तम गेडिया, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव, स्काउट मास्टर छुरिया नीलकंठ ध्रुर्वे, स्काउट मास्टर डोंगरगांव मनीष कुमार सोनी उपस्थित थे। इसी तरह जिले के विभिन्न शालाओं में स्काउट गाइड रोवर रेंजर दल द्वारा स्थानीय स्तर पर पौधरोपण कर पर्यावरण जागरूकता एवं जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान पोस्टर, रंगोली, शपथ के माध्यम से ध्वनि, जल, ट्री गार्ड लगाकर पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

(हेमंत साहू) 98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु संपर्क करें
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा
नंदई, कुआं चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

श्री बालकृष्ण प्रभो विजयते
पुरुषोत्तम मास में विशेष आयोजन

पुष्टिमार्गीय समस्त गुजराती व महेश्वरी समाज के वैष्णववृंद श्री बालकृष्ण हवेली, जी.ई.रोड, राजनांदगांव में आज दिनांक 09/06/2026, दिन मंगलवार को 'फूल मंडली महोत्सव'
जगतगुरु शुद्धाद्वैत वैष्णवाचार्य पंचम पीठाधीश्वर श्री छट्ठी जी बैठक के गादीपति, चम्पारण,
प.पू. गो. श्री 108 श्री वल्लभाचार्य जी महाराज श्री
के मंगल सानिध्य में श्री ठाकोर जी के सुखार्थ अलौकिक उत्सव एवं वचनामृत आयोजित है।
समय अपरान्ह 4 बजे - (कृपया निर्धारित समय का ध्यान रखेंगे)
सभी भाविक पुष्टिमार्गीय वैष्णवों से सादर निवेदन है अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करें।
विनीत- बुद्धदेव परिवार, राजनांदगांव का जय श्री कृष्ण

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com